स्वदेश TODAY digital
रांची, सोमवार
15.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 104, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य
▶▶ 3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## NEWS IN Gallery

### तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिरी कार चार की मौत

**देहरादून :** उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर एक कार नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल लिया है। मृतकों की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है। बागेश्वर के बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर तुपेड़ के पास दिल्ली नंबर की अल्टो कार करीब 300 मीटर गहरे खाई में जा गिरी। सुबह के समय स्थानीय लोगों को कार नदी में गिरी दिखी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल हादसे की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फायर सर्विस की टीम खाई में उतरकर नदी तक पहुंची, जहां चार शव पड़े मिले। शवों को खाई से रेस्क्यू कर बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सुबह लगभग चार बजे की बतायी जा रही है।

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग सुरक्षा बढ़ायी गयी

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह तकरीबन पांच बजे दो अज्ञात बदमाश फायरिंग कर फरार हो गये। घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना के समय सलमान खान घर पर ही थे। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह करीब पांच बजे दो अज्ञात बदमाश दोपहिया वाहन पर बांद्रा पश्चिम में स्थित सलमान खान के घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग की। पुलिस सीसीटीवी के जरिये आरोपियों की तलाश कर रही है।

### इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से 19 अगस्त तक

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पवित्र गुफा मंदिर के लिए इस साल की अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। कश्मीर में समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती और बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि बर्फ की ये संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह कश्मीर में एक कठिन तीर्थयात्रा है। हिंदू तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर के अंदर उनके 'दर्शन' की सुविधा के लिए मुस्लिम टट्टूवालों और अन्य लोगों की मदद लेनी पड़ती है।

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी पर फोकस

# तीन करोड़ नये घर देने का वादा

- संकल्प पत्र में भाजपा ने तमिल भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का किया वादा
- युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त करने का संकल्प, निवेश से नौकरी पर जोर देने का वादा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लायी जायेगी, श्री अन्न पर बल दिया जायेगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लायी जायेगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रूपों में विस्तार किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्गों को दिया जायेगा। योजना के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है। तीन करोड़ नये घर बनाये जायेंगे। लोगों के घरों तक सस्ती पाइप के माध्यम से गैस पहुंचाई जायेगी। मुद्रा ऋण को दोगुना यानी 20 लाख किया जायेगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनायी जायेंगी। महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, जनजातीय गौरव दिवस, एकलव्य स्कूल, तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जायेगा। लोगों को 80 प्रतिशत कम कीमतों पर जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाना जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान प्रधानमंत्री ने युवा, महिला, किसान और गरीब चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में दाल, खाद्य, तेल और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जारी रखने की बात कही गयी है। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधा युक्त जीवन के अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखायी गयी है। रियल एस्टेट से जुड़े सुधार लाकर सस्ते आवास उपलब्ध कराये जाने की भी बात कही गयी है। कामकाजी महिलाओं के लिए औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में हॉस्टल का निर्माण किया जायेगा जिसमें शिशु ग्रह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।



### पीएम बोले – संकल्प पत्र देशवासियों की एंबीशन पूरा करने का मिशन



**प्रधानमंत्री** एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पार्टी के संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की एंबीशन (आकांक्षाओं) पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नये अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों और केंद्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संकल्प पत्र नाम से अपना घोषणा-पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पार्टी मुख्यालय में संकल्प पत्र जारी किया।

### भाजपा के कार्यों से युवाओं व किसानों को लाभ नहीं : खड़गे



**भाजपा** ने रविवार को अपना 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे देश की जनता, युवाओं, किसानों को लाभ हो। इसलिए भाजपा के मेनिफेस्टो पर यकीन करना ठीक नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई बढ़ गयी है, लेकिन सरकार को उसकी फिक्र नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने न तो डीजल-पेट्रोल के दामों में और न ही गैस सिलेंडर के दामों में कमी की बात कही। इससे स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी के पास लोगों को देने के लिए कुछ खास नहीं है।

### संकल्पों के पूरा होने की गारंटी है संकल्प पत्र : अनुराग ठाकुर



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र को ऐतिहासिक और भविष्य के भारत की नींव रखने वाला बताते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र, संकल्पों के पूरा होने की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसा कि सर्वविदित है रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई ठीक इसी प्रकार हमारा संकल्प पत्र है। इसके एक-एक संकल्प के पूरे होने की 100 प्रतिशत गारंटी है। भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो स्थापना से लेकर आज तक अपने मूल्यों और संकल्पों पर अडिग रही और जैसे ही हमें पूर्ण बहुमत मिला, हमने एक-एक कर अपने सभी वादों को लागू भी किया, क्योंकि अपने संकल्पों को पूरा करना भाजपा का डीएनए में है और इसलिए जनता का भरोसा सिर्फ भाजपा के संकल्पों व मोदी जी की गारंटी पर है।

## 15 लाख सुझावों से बना है भाजपा का संकल्प पत्र : राजनाथ

- राजनाथ सिंह बोले- मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह शुद्ध

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' जारी किया है। भाजपा ने इस संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' नाम भी दिया है। इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह शुद्ध दिखती है। पार्टी के 'संकल्प पत्र' के विमोचन के अवसर पर सिंह ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र को विश्व राजनीति में स्वर्ण मानक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने महिला आरक्षण कानून लागू करने, अनुच्छेद-370 को रद्द करने और राम मंदिर के निर्माण के अलावा केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कई विकास उपायों का हवाला देते हुए कहा कि हमने अपने वादे पूरे किये हैं। बता दें कि राजनाथ सिंह लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि समिति को 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए थे।

## वाहन चेकिंग अभियान के दौरान स्कूटी से 11.6 लाख रुपये बरामद

**रांची :** लालपुर थाना के प्लाजा चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान 11 लाख छह हजार 830 रुपये पुलिस ने बरामद किये हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्लाजा चौक के समीप लालपुर थाना गश्ती दल और पीसीआर 25 चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग के दौरान एक स्कूटी (जेएच-01ईएच-1487) को जांच करने पर स्कूटी चालक के पास से 11 लाख छह हजार 830 रुपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर रुपये पंडरा बाजार समिति ले जाने की बात बतायी गयी है। स्कूटी सवार अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह डिस्टलरी पुल के समीप किराये के मकान में रहता है। मूल रूप से वह बिहार के शेखपुरा का रहनेवाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से तगादा कर पैसा लाया था और पंडरा के दाल व्यवसायी सुमित अग्रवाल को देने जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग में पकड़ा गया।



## चुनाव प्रचार के दौरान गीता कोड़ा पर हमला

- गीता बोलीं - साजिश के तहत उन्हें चुनाव मैदान में हथियार के बल पर डराने की हो रही कोशिश

**सरायकेला :** सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा और उनके समर्थकों के साथ मारपीट की घटना सामने आयी है। गीता कोड़ा के अनुसार, विपक्षी दलों के समर्थकों ने उनके जनसंपर्क अभियान को रोकने की कोशिश की और जब वे सफल नहीं हो पाये तो उन्होंने उन्हें और उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं को पारंपरिक हथियार के साथ घेर लिया और उनके साथ मारपीट की। जनसंपर्क अभियान के दौरान निवर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा की सुरक्षा में भारी लापरवाही भी सामने आयी है। गीता कोड़ा ने साफ तौर पर कहा है कि एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव मैदान में हथियार के बल पर डराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। बता दें कि सिंहभूम सीट से भाजपा की प्रत्याशी गीता कोड़ा रविवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गम्हरिया प्रखंड में दौरे पर थी। रविवार सुबह से ही गीता कोड़ा भारी संख्या में भाजपा समर्थकों के साथ कांड्रा और गम्हरिया के पंचायत क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चला रहीं थी। भाजपा नेताओं के मुताबिक, गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव पहुंचने पर सांसद गीता कोड़ा को देख विपक्ष दल के समर्थक भड़क गये और गीता कोड़ा को गांव में प्रवेश करने पर रोक दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गम्हरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले को किसी तरह शांत कराया।



**रक्षा तैयारी** | भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए अहम है वर्ष 2024, नयी सरकार बनते ही

## भारत को मिलेंगे नये थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुख

- एक ही एनडीए बैच के दोस्तों की तिकड़ी के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नये चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नये प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा। फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नये प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जायेगा। खास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के तीन दोस्तों के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली तिकड़ी में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे।



### सरकार को नये डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश

**रक्षा** मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जायेगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। इसके बाद अगली नियुक्ति सेना प्रमुख की होगी, क्योंकि जनरल मनोज पांडे 31 मई को अपना पद छोड़ देंगे। जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को जनरल मनोज मुकुंद नरवणे से सेना की बागडोर संभाली थी। इसके साथ ही सरकार को नये डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश है, क्योंकि एजेंसी के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ करीब तीन साल के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## इजरायल-ईरान संघर्ष के हालात पर भारत की दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। विदेश मंत्रालय की ओर से पश्चिम एशिया की स्थिति को देखते हुए एक वक्तव्य जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से भारत गंभीर रूप से चिंतित है। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। हम तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि बदलती परिस्थिति पर करीबी से नजर बनाये हुए हैं। इस क्षेत्र से जुड़े भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे। उल्लेखनीय है कि ईरान ने रविवार सुबह इजराइल पर दो सौ से अधिक मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद इसे जवाबी कार्रवाई बताया जा रहा है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक यह लक्षित निशाने के साथ किया गया हमला है।

### यूएन ने की इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रविवार को एक आपातकालीन बैठक बुलायी गयी है। इसमें ईरान द्वारा इजराइल पर किए जा रहे ड्रोन और मिसाइल हमले पर चर्चा की जायेगी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने पर चिंता जतायी है। शनिवार को ईरानी हमलों के कुछ ही मिनटों के भीतर, इजराइल ने माल्टा की परिषद अध्यक्ष वैनेसा फ्रैज़ियर से बैठक बुलाने का आग्रह किया। गुटेरेस ने कहा - मैं इस्लामी गणतंत्र ईरान द्वारा इजराइल पर किये गये हमले की निंदा करता हूं।

NEWS IN Gallery

### एनबीडब्ल्यू के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिल्ली:** सिल्ली पुलिस ने एन बी डब्लू आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि दो अभियुक्त को जेल भेजा गया जिसमें कारेया नायक करकट्टा निवासी बलात्कार के केस में नामजद अभियुक्त थे और उनको न्यायालय से सजा भी हो चुकी है। इसी क्रम में अमर महतो कोचों निवासी के विरुद्ध भी न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। बताते चले की ये शराब का अवैध कारोबार में लिप्त थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### लाइन होटल से 15 पेटी अवैध शराब बरामद



**चान्हो :** रांची–मेदिनीनगर मुख्य पथ पर बीजुपाड़ा के निकट स्थित संतोष लाइन होटल में छापेमारी कर शनिवार की रात पुलिस द्वारा 15 पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस द्वारा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार अवैध शराब के कारोबार में शामिल होटल के मालिक संतोष कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर चान्हो पुलिस ने एक स्थाई वारंटी थाना क्षेत्र के पंडरी निवासी परवेज अंसारी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कमड़ा की ग्रामसभा ने शुरू की जंगलों को बचाने की मुहिम

**खूंटी :** तोरपा प्रखंड के ग्रामीणों ने उजड़ रहे जंगलों को बचाने की अच्छी पहल शुरू की है। कमड़ा की ग्राम सभा ने कमड़ा जंगल को हर हाल में बचाने का निर्णय लिया। जगलों के पेड़ों की कटाई पर पूरी तरह रोक लगा दी गई और पेड़ों की कटाई करने वालों को कठोर दंड दिया जायेगा। समाजसेंवी जयमंगल गुड़िया के नेतृत्व में ग्राम प्रधान धनी गुड़िया, सभा अध्यक्ष बिरसा तोपनो, दुलारी बरला, सुलेमान गुड़िया, मुनुरेन बरला आदि की जंगल के पास साइन बोर्ड लगाकर लोगों से जंगल की रक्षा करने की अपील की।

## रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ हुई अहम बैठक

# भाजपाइयों के ऊर्जा श्रोत हैं मोदी, झारखंड की 14 सीटों पर होगी जीत : लक्ष्मीकांत

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा सीट पर विजय प्राप्त करने के लिए भाजपा पहले से ही आश्वस्त है। यहां के कार्यकताओं को बस हनुमान जी की तरह उनकी ताकत याद दिलानी है। इनके ऊर्जा का स्त्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों से बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को ताकत मिलती है। यह बातें रविवार को रामगढ़ में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कही। वे रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं के साथ बैठक करने रामगढ़ शहर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक वानर सेवा के रूप में काम करती है। उनके अंदर राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। यही वजह है कि हम सिर्फ हजारीबाग लोकसभा सीट ही नहीं बल्कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे।



### हताश और निराश विपक्ष हार की कगार पर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि झारखंड में विपक्ष हताश और निराशा है। यह सिर्फ बौखला कर ईडी और सीबीआई की बात रखता है। जबकि हकीकत यह है कि जिन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शिकायत मिली, ईडी ने उन्हें सलाखों के पीछे भेजा। जिन लोगों को भी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया उन्हें 12 दिनों की ईडी की डिमांड पर भेजा गया। समय अवधि खत्म होने के बाद उन सभी भ्रष्टाचारियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। ऐसा कोई भी नहीं जिसे न्यायालय ने पहले ही दिन खड़े–खड़े जमानत दे दी हो। इसका मतलब साफ है कि ईडी ने जितने मामलों की जांच की है वह प्रथम दृश्य सत्य हैं।

### हर चौखट से मिलेगा जीत का आशीर्वाद

लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा का एजेंडा साफ है। जनमानस का विकास और भारत माता का अर्चन।इसी उद्देश्य के साथ भाजपा ने विकास की नई लकीर खींची है। अगर झारखंड की बात करें तो यहां की सरकारों ने जितने गलत काम किए हैं वह भी उजागर हो चुके हैं । उनके गलत कामों का प्रचार हम कर रहे हैं तो हम पर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। जनता इन सारी बातों को जानती है। सिर्फ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि झारखंड के हर चौखट से भाजपा को जीत का आशीर्वाद मिलेगा।

# बैंक ऑफ इंडिया में बाबा साहब अंबेडकर की 133वीं जयंती मनी

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आर अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के महासचिव श्री अरुण जॉन प्रबाल, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर और उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह ने बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले कई हजार वर्षों तक प्रासंगिक रहेंगे। अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल ने कहा कि इस खास अवसर पर राँची अंचल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह अन्य 4 अंचल धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर और हजारीबाग द्वारा आज के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष सुनील लकड़ा ने बाबासाहब को याद किया और इस खास अवसर पर रक्तदान करने आए सभी लोगों को अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण के इस नेक काम में योगदान करना बाबा साहब के आदर्शों के अनुरूप है।महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती संतोषी केरकेट्टा और एम्पलॉइज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश उरांव ने बाबासाहब के संघर्ष को याद किया और उनकी प्रासंगिकता पर अपने विचार रखें। उप महासचिव मनीष नारायण ने बाबा साहब का संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के पीछे बाबा साहब के विचारों को ध्यान में रखकर अपना वक्तव्य रखा। इसके बाद अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई राँची अंचल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के स्टाफ सदस्य और उनके परिवारजन समेत लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में, एक की मौत व दूसरा घायल

**खूंटी :** खूंटी-रांची रोड में गायत्री नगर के समीप मिश्रा पेट्रोल पंप के पास रविवार को रांची की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने सामने से आ रही एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान खूंटी के निकटवर्ती सोसोटोली गांव निवासी अजीत राम (33) के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार एक अन्य व्यक्ति श्यामलाल गुप्ता का सदर अस्पताल खूंटी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अजीत राम की बिरसा कॉलेज खूंटी के समीप अजीत फ्लावर के नाम से एक फूल दुकान है। वह अन्य दिनों की भांति रविवार अहले सुबह बाइक से रांची फूल लाने जा रहा था। उसके साथ बाइक पर सवार होकर पिपराटोली में रहने वाला श्यामलाल गुप्ता रांची जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक मिश्रा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, वैसे ही सामने से तेज रफ्तार में आ रहे 18 चक्का ट्रक (जेएच 10 सीक्यू 6133) उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर भागने लगा, लेकिन मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने भागते ट्रक का पीछा कर उसे तोरपा रोड के समीप पकड़ लिया और उसके चालक और उपचालक सहित ट्रक को खूंटी पुलिस के हवाले कर दिया। इधर, दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने सड़क पर पड़े शव को उठाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

# डॉ. आंबेडकर सोच में अपने समय से काफी आगे थे : डॉ एससी दुबे

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी डॉ बीआर आंबेडकर अपने समय से काफी आगे थे। सामाजिक कुरीतियों के खात्मे में और शिक्षा के महत्व को उजागर करने में उनके योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। कुलपति ने कहा कि देश के प्रथम कानून मंत्री भारतरत्न डॉ आंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। भारतीयता के प्रतीक पुरुष डॉ आंबेडकर जातिगत एवं अन्य पूर्वाग्रह से मुक्त भारत के निर्माण के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। वह एक ऐसा समाज चाहते थे जहां महिलाओं, कमजोर वर्गों और मजदूरों को समान अधिकार प्राप्त हों। उन्होंने समाज दर्शन को तीन शब्दों में निहित किया- स्वतंत्रता, समता एवं भ्रातृत्व, जिसकी स्थापना के लिए उन्होंने आधा दर्जन पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन और संपादन भी किया। एक जुझारू नेता, सुलझे हुए लेखक, अग्रणी अर्थशास्त्री, संपादक, शिक्षक, समाज सुधारक और संविधान लेखक के रूप में वह हमेशा याद किए जाएंगे। डॉ दुबे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित डॉ आंबेडकर जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बीएयू के वैज्ञानिकों - डॉ डीके शाही, डॉ एमएस मलिक, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ बीके अग्रवाल, डॉ बीके झा, डॉ बीसी उरांव, डॉ पंकज सेठ आदि लोगों ने भी राष्ट्र निर्माण में डॉ अंबेडकर के अवदानों की चर्चा की। आयोजन प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं राष्ट्रीय योजना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।




## अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने दिया अर्घ्य



**खूंटी :** सूर्योपासना के चार दिवसीय महाव्रत के तीसरे दिन व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य प्रदान कर अपने और परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय के राजा तालाब, साहू तालाब, चौधरी तालाब, कारो नदी, तजना नदी सहित अन्य सरोवरों और जलाशयों ने अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को पहला अर्घ्य दिया गया। सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को दूसरा अर्घ्य प्रदान करने के साथ ही आस्था का कष्टसाध्य चार दिवसीय महाव्रत का समापन हो जायेगा। खूंटी में चैती छठ पूजा कई व्रती कर रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत द्वारा छठ घाटों की सफाई नही कराई गई है। गंदगी के बीच छठव्रती अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने को विवश हैं।

## झारखंड में पहली बार कान की समस्या अब घर बैठे होगी दूर

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी राँची में आज बंगाली नव वर्ष के अवसर को खास बनाते हुए शहर की प्रतिष्ठित पॉल ऑप्टिकल्स ने अपने ऑप्टिकल्स सेगमेंट में आज हियरिंग ऐड की सर्विस जोड़कर एक और उपलब्धि की शुरूआत की है। अपने दूसरे वर्षगाँठ पर पॉल ऑप्टिकल्स के संचालक संजय पॉल ने अपने तीस वर्षों के अनुभव को साझा किया और बताया कि शहर का यह एकमात्र प्रतिष्ठान है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की आँखों की जाँच के साथ साथ कानों की वैज्ञानिक जाँच और सुनने की समस्या का भी समाधान किया जायेगा। श्री पॉल ने कहा कि वर्षगाँठ के अवसर पर अगले तीन महीनों तक वैसे लोग जिन्हें कम सुनाई देती है, उनका अत्याधुनिक मशीन ईयरकार्ट




ओम्नी से निःशुल्क जाँच किया जाएगा। इसके लिए देश की अग्रणी कंपनी ईयरकार्ट के साथ पॉल ऑप्टिकल्स ने एक नई शुरूआत की है। लोग इस सुविधा का घर बैठे भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह झारखंड का पहला स्टोर है जहां चश्मा और हियरिंग ऐड पर फ्री इंश्योरेंस दिया जाता है। चस्मों पर एक साल का फ्री इन्शुरन्स मिलता है. एस्सिलर लक्सोटिका किसी भी तरह का नुकसान के लिए भुगतान करेगा। गरीबों का ख़्याल रखते हुए उन्होंने गरीबों को मुफ़्त सेवा देने का भी वादा किया। आपको बता दें कि पॉल ऑप्टिकल्स शहर का एकमात्र एस्सिलर एक्सपर्ट स्टोर है. लेंस और फ्रेम की दुनिया में एक प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किए इस कंपनी ने झारखंड में पहले एस्सिलर एक्सपर्ट स्टोर के रूप में पॉल्स ऑप्टिकल (गोकुल स्वीटके ऑपोजिट, कांके रोड, रांची) का चयन किया है. ईयरकार्ट की एक अत्याधुनिक हियरिंग ऐड 16 चैनल की डीजिटल मशीन है जो ब्लू टूथ से कनेक्ट हो जाता है. ये रिचार्जेबल मशीन बार बार बैटरी बदलने के झंझट से मुक्ति दिलाती है। आज के फैशनेबल दौर को भी ध्यान में रखते हुए इसे अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सुविधायुक्त और आकर्षक बनाया गया. इस मशीन को मोबाइल की मदद से प्रोग्राम कर सकते हैं और बार बार सेटिंग बदलने के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

### यूसीएमएएस अबेकस में अथर्व शर्मा ने राज्य स्तरीय प्रथम रनरअप का खिताब जीता



**रांची/स्वदेश संवाददाता :** रांची में यूसीएमएएस अबेकस की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हुई जिसमें अथर्व शर्मा ने प्रथम रनरअप का खिताब अपने नाम किया। अथर्व अबेकस माध्यम द्वारा गणित के जटील जोड़-घटाव-गुणा-भाग को अंगुलियों पर चुटकियों में सुलझा लेता है। अबेकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था इसमे अथर्व अपने अंकगणीतीय कौशल से राज्य में प्रथम रनरअप रहा।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी

स्वदेश संवाददाता

**चांन्हो :** प्रखण्ड स्थित चोरेया मे डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।मुख्य अतिथि माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हमें बाबा साहब के जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने पढ़ाई को नहीं छोड़ा। अपने मेहनत के बालबूते उन्होंने भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। आज हम जिस संविधान की बात करते हैं यह बाबा साहब की देन है उन्होंने सभी भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधा।




सामाजिक न्याय की अवधारणा रखी। वही पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब ने सभी भारतीय नागरिकों को सामाजिक न्याय और समरसता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने पढ़ाई पर अत्यधिक बल दिया पढ़ाई ही वह हथियार है जिसके बल पर हम अपना हक और अधिकार को ले सकते हैं। इसीलिए अपने बच्चों को दो रोटी कम खिलाए लेकिन अच्छी शिक्षा अवश्य दीजिए। धन्यवाद ज्ञापन मुखिया रेखा सांगा ने किया। मौके पर प्रेम सागर राम, सूबेदार राम, सुरेंद्र गुप्ता, दिनेश राम, भारत राम, जितेश राम, चारवा उरांव, बिजय राम, अनिल राम, सुमित राम, रुपेश राम , प्रकाश राम, आशा देवी, शांति देवी, भंगा उरांव, चमरू उरांव, सुखदेव उरांव, नेहरू उरांव, शिवनारायण राम, बिन्दे राम समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

भीमराव रामजी आम्बेडकर, डॉ॰ बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था।

## नमामि गंगे योजना | सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की चिन्हित जमीन पर नहीं मिला कब्जा

# सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर लगा ग्रहण

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** दामोदर नदी को प्रदूषण से बचने के लिए शहर के गंदे पानी को फिल्टर किया जाना था। नमामि गंगे योजना के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की योजना जुडको द्वारा पारित की गई थी। लेकिन अब इस योजना पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों के विरोध के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आवंटित जमीन पर ग्रामीण दावेदारी कर रहे है।

जानकारी के अनुसार नालों के प्रदूषित पानी को दामोदर में सीधे तौर पर गिरने से रोकने के लिए यह योजना बनी थी। नदी के दोनों किनारों पर इंटरसेप्शन व डायवर्सन विधि से गंदे पानी को रोक कर पाइप लाइन द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में ले जाकर शुद्धिकरण करने के बाद दामोदर में वापस छोड़ने की योजना है। इसका काम इनविरो इंफ्रा इंजीनियरिंग कर रही है। दो साल यानी दिसंबर 2025 तक पूरा करना है। इस योजना के तहत



शहर के नालियों के पानी से प्रदूषित हो रहे दामोदर का पानी शुद्ध हो जाएगा। एजेंसी को दामोदर के दोनों छोर पर 21 इंटरसेप्शन व डायवर्सन का कार्य करना है। बीच में दोनों किनारो पर चार पंपिंग स्टेशन भी बनेगा। दामोदर के डाउनस्ट्रीम में एक 23 एमएलडी का सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गोबरदाहा चट्टान महादेव मंदिर व दूसरा 17 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सुगिया में प्रस्तावित है। दोनों सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रामगढ़ एसडीओ व अंचल अधिकारी द्वारा जमीन का आवंटन भी जुडको को कर दिया है। हालांकि ग्रामीणों के विरोध के कारण तीन माह से अभी तक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण का शुरू नहीं हो पाया है। कार्य कर रही एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर रणधीर मिश्रा ने बताया कि अभी तक हमें उक्त दोनों ही स्थान पर जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया है। इसको लेकर उन्होंने मांडू व रामगढ़ के सीओ को पत्र लिखकर आवंटित जमीन पर कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया था। इसके बाद रामगढ़ अंचल के अमीन व कर्मचारी 23 एमएलडी गोबरदरहा जमीन की चौहदी बांटने आए तो ग्रामीणों ने ट्रीटमेंट प्लांट को कहीं और स्थानांतरित करने की बात कही। इसके बाद सीओ मांडू के निर्देश पर अमीन और कर्मचारी सुगिया में जमीन आवंटन के लिए गए। वहां भी ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद वापस आ गए। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों ही स्थान पर जमीन सरकारी रिकार्ड में गैरमजरूआ है। लेकिन प्रशासन दोनों ही स्थान पर कार्य शुरू करवाने में अभी तक असफल है। दोनों ही स्थान पर कुछ जमीन माफियाओं द्वारा महिलाओं को आगे कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। मामले को लेकर गोबरदरहा में एसडीओ, एसडीपीओ व सीओ द्वारा ग्रामीणों को समझाने का भी प्रयास किया।

## ईसीएल में मनायी गयी भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** ईसीएल मुख्यालय प्रांगण में दिनाँक 14 अप्रैल 2024 को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ॰ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री समीरन दत्ता, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, ईसीएल, उनके साथ श्रीमती आहूति स्वाईं निदेशक (कार्मिक), श्री नीलाद्रि रॉय निदेशक (तकनीकी) (संचालन) तथा श्री आर एस राम संस्थापक सिस्टा/ पूर्व महाप्रबंधक कार्मिक, सीआईएल एवं विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों, सिस्टा एवं एससी/एसटी काउंसिल के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्यालय परिसर में स्थापित संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने बाबा साहेब के योगदानों को स्मरण करते हुये कहा कि बाबा साहेब की प्रगतिशील सोच सभी के लिए प्रेरणा-स्रोत हैं। भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ॰ भीमराव अंबेडकर समावेशी विकास के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने कहा के हम सबके द्वारा उनके महान व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आत्मीकृत करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

NEWS IN Gallery

### अमन साहू गिरोह का सदस्य पिस्टल के साथ गिरफ्तार



**रांची** : रांची के ओरमांझी थाना पुलिस ने कुख्यात अमन साहू गिरोह के सदस्य अलाउद्दीन अंसारी उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल और दो गोली बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि अमन साहू,मयंक सिंह और चंदन साहू के गिरोह के निर्देश पर रंगदारी लेने के लिए धमकी देने के लिए ओरमांझी थाना क्षेत्र के भारतमाला सडक निर्माण क्षेत्र में आने वाले है। सूचना पर ओरमांझी थाना प्रभारी आलोक सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर रोला गांव सड़क निर्माण के पास एक पीला रंग का अपाची बाइक पर सवार दो लडके आये और इधर-उधर ताक-झाक कर रहे थे । यह देखकर पुलिस के जवान उसे रूकने का ईशारा किये। पुलिस को देखकर बाईक चला रहा लडका हडबडा कर बाईक को स्टॉट किया जिसे पिछे बैठा लडका गिर गया और बाईक चालक बाईक लेकर फरार हो गया। जांच के क्रम में उसके पास से हथियार बरामद किया गया ।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना का झालसा कार्यपालक अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**रांची** : जतरा मेला देखने गयी एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना का झारखंड हाई कोर्ट सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया कि तत्काल दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार की सहायता करें। इस आदेश के आलोक में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची दिवाकर पांडे ने पीड़िता को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। डालसा सचिव राकेश रंजन ने एक टीम गठित की और खुद भी टीम के साथ बजरा स्थित पीड़िता के घर पहुंचे। वहां उसकी मां से मिलकर विधिक सहायता के बारे में बताया और हरसंभव मदद की बात कही। साथ ही मुआवजा की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। वहां से निकलकर टीम सीधे रातु थाना पहुंची और डीएसपी से मिलकर केस से संबंधित जानकारी जल्द कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा। फिर सिरमटोली स्थित प्रेमाश्रय पहुंचकर पीड़िता का हाल जाना। टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव राकेश रंजन, पी.एल.वी. पुष्पलता देवी और संगीता देवी थी। पीड़िता से मिलने के बाद डालसा सचिव ने झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के मुआवजा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही पीड़िता के सपोर्ट के लिए पी.एल.वी. संगीता देवी को रखा है, जो कोर्ट की प्रक्रिया में उसकी सहायता करेंगी। प्रो बोनो अधिवक्ता के रूप में ममता श्रीवास्तव को रखा गया है, जो कोर्ट में सहायता करेंगी।

रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पैनी नजर

# माहौल बिगाड़ने की मिली भनक तो जाएंगे जेल, गाइडलाइन जारी

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है। रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए सभी जिलों में दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किए गए हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए सावधानी बरतें। हाल के दिनों में झारखंड के कई जिलों में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को जेल भी भेजा गया है। ईद के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में रांची से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने शांति समिति की बैठक में ऐसे सभी लोगों की जानकारी दी है, ताकि लोग इससे सबक ले सकें।

## झामुमो ने अंबेडकर जयंती पर किया धरना प्रदर्शन

**रांची** : बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आयोजित किया। केंद्र सरकार और भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धरना आयोजित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है नियम है, कानून है और उसी के तहत लोकतंत्र है। इस वक्त मे बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि जो है वो इस संविधान में दिए गए अधिकार, बोलने का अधिकार जीने का अधिकार और उसके साथ जो लगातार खिलवाड़ हो रहा है।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज के लिए उनके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के लिए सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए सदा प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतिज्ञ के रूप में याद किये जाते रहेंगे। भारत का एक-एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है।




### बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : अमर बाउरी

महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनाएं झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

### महिला जनप्रतिनिधि पर हमला कर रहे झामुमो के गुंडे : बाबूलाल मरांडी



रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गीता कोड़ा पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की गुंडागर्दी करार दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो के नेताओं और कार्यकताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकताओं पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली झामुमो की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुए नहीं डर रहे हैं तो जरा सोचिए की राज्य में जनता की क्या हालत होगी? ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं, बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है जो गीता कोड़ा को अपना नेता मान चुकी है और सिंहभूम की जनता इसका सही जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सरायकेला मुख्यमंत्री का गृह जिला भी है और इस कृत्य में उनकी भी संलिप्तता का हमें संदेह हैं। जबसे गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हुई हैं और प्रदेश सरकार की नाकामियां और भ्रष्टाचार पर मुखर रूप से बोलने लगी हैं उस दिन से हेमंत सोरेन और उनकी षड्यंत्रकारी कोटरी ने पहले सोशल मीडिया पर और अब सामने से हमले शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस भी इन उपद्रवियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा कि इस घटना का संज्ञान ले और तुरंत करवाई करें।

## बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे : सुदेश महतो



● सुदेश कुमार महतो ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि की अर्पित

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को सामाजिक न्याय के प्रणेता और भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महतो ने सिल्ली में अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महतो ने कहा कि बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है। आज पुनः उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। शोषितों, वंचितों को उनका हक व अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता है। सुदेश कुमार महतो इसके बाद अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली द्वारा आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि आज देश के लिए बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। संविधान निर्माण व समाज सुधार में उनके द्वारा किए गए प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों से सीख लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# राजेश ठाकुर ने भाजपा के मेनिफेस्टो को संविधान बदलो दस्तावेज बताया

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संविधान बदलो पत्र का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। ठाकुर ने रविवार को कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं। लेकिन जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हो पर चलने वाले आदिवासी समुदाय के सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। जबकि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड लागू करने का विधेयक भी पास करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। आदिवासी समुदाय से आने वाले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने वाले प्रधानमंत्री को आदिवासी समुदाय के हितों की बात करना शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता के हितों के लिए भाजपा कितनी सजग है यह इससे पता चलता है कि उनके इस पूरे घोषणा पत्र में जुमलेबाजी के सभी शब्द शामिल है। लेकिन जनता महंगाई और बेरोजगारी के जिन मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है,शब्द इस घोषणा पत्र में नहीं है।

### कांग्रेस भवन में मनाई गई अंबेडकर जयंती



रांची : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी और विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यन्त संघर्ष करते रहे। बाबा साहब एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने अपने पीछे भारत के संविधान के रूप में एक मूल्यवान विरासत छोड़ी है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : लोक आस्था का चार दिवसीय चैती महापर्व छठ का रविवार को तीसरा दिन है। चैती माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को पहला अर्घ्य दिया गया। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को विभिन्न नदी, तालाब और अन्य जलश्रोतों पर अर्घ्य दिया। संध्या अर्घ्य के बाद सोमवार को उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जायेगा। इस दिन सूर्योदय 05 बजकर 28 मिनट पर होगा। इसके बाद व्रतियों के पारण के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन होगा। अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य की उपासना केवल छठ पूजा में ही होती है। ऐसा माना जाता है कि इस समय सूर्य अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। इसीलिए प्रत्यूषा को अर्घ्य दिया जाता है। शाम के समय सूर्य की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है। अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने से हर तरह की परेशानी दूर होती है।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अंबेडकर को किया नमन

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर रविवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराना हाई कोर्ट के समीप डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम उपस्थित रहे और माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा बाबा साहेब की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। इस पावन दिवस पर हमें ये संकल्प लेना है कि जो हमारा संविधान है वो पूरे दुनिया में अनूठा संविधान है। हम सभी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोगों को एक समान अधिकार इस संविधान ने दिया है। हमें ये संकल्प लेना है कि इस संविधान को अक्षुण रखना है, समतामूलक समाज की ओर आगे बढ़ना है।

चुनावी तैयारी | झारखंड के चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन

# तेज हुआ उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है। पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआइ और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से संपर्क और नाराज कार्यकताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। प्रत्याशी अपनी रोजाना की गतिविधियां सोशल मीडिया पर डालते हैं। इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। उस रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, वाम नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप नेता,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य इंडी गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह बीच-बीच में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं। उल्लेखनीय है कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में पहले चरण में 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर और चौथे चरण 1 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों का चुनाव होगा। मतगणना चार जून को होगी।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की विसर्जन शोभायात्रा 18 को निकाली जाएगी

स्वदेश संवाददाता




**रांची** : श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब षष्ठी (बेलवरन) का आमंत्रण सोमवार शाम को 04.40 बजे होगा। 16 अप्रैल को महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन होगा। 501 किलो लड्डू चढ़ाया जाएगा। भजन मंडली का आनंद भी भक्तों को मिलेगा। 17 अप्रैल को प्रातः नौ बजे नवमी पूजन होगा। रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्रीमहावीर मंडल के पदाधिकारियों के साथ प्रस्थान करेंगे। 18 अप्रैल को पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन होगा। दोपहर तीन बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। विसर्जन शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में श्री रामलला की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकी का प्रदर्शन होगा। मुख्य संरक्षक उदय साहू रविवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को नवपत्रिका आगमन एवं सुबह 7:35 बजे सर्वदेव पूजन एवं माता की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूजा पंडाल का पट पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 9:30 बजे सभी के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की छाबड़ा के मधुर भजनों का कार्यक्रम होगा। रांची तथा रांची के ग्रामीण क्षेत्र के अखाड़ेधारी झंडाधारी, ढोल नगाड़ा, अस्त्र-शास्त्र, भजन मंडली, छउ नृत्य कलाकार इसमें दिखेंगे। पारंपरिक शोभा यात्रा में हाथी, घोड़ा आदि भी साथ रहेंगे। इसे निर्धारित रूट से जिला प्रशासन की देख रेख में ले जाया जाएगा, रात्रि 11:00 से 12:00 के बीच जेल तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

NEWS IN Gallery

## दाल लदा ट्रक खाई में गिरा, चालक की मौत



**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत नौवां माइल के पास दाल लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट कर खाई में गिर गया। रविवार सुबह नौ बजे हुई इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अपना भाई ग्राम छपरा के चालक सुनील सिंह (38,) और परिचालक राम सावक सिंह कोलकाता से ट्रक में दाल लोड करके छपरा जा रहे थे। कोडरमा घाटी स्थित नौवा माइल के पास उनका ट्रक अनियंत्रित होकर पलटकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में चालक सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोडरमा पुलिस थाना प्रभारी सुजीत कुमार और पैंथर व दमकल मौके पर पहुंचे और दोनों को कोडरमा सदर अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने सुनील के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## धारदार हथियार से महिला की हत्या

**लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के कुंदगड़ी भेसलेटा टांड़ स्थित गन्ने के खेत में घांस निराई के दौरान स्व बिमल मांझी की पत्नी कलावती देवी (50) की रविवार को धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि महिला अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी का काम कर रही थी। तभी गांव के तीन अपराधी पीछे से आ कर वार कर दिया उसके बाद गला रेत दिया। हत्या करने का कारण मृतक के परिजनों ने बताया कि एक नाबालिक लड़की को घर से निकाल कर दुष्कर्म करने के आरोप में गांव के ही दो युवकों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। इसमें दोनों युवक वर्तमान में जेल में है। परिजनों ने बताया कि उसी रंजीश में जेल में गए युवक के परिजन विनोद मांझी,अशोक उरांव, काशी महतो ने मजदूरों के बीच में पहुंच कर महिला मजदूर की हत्या कर दिया।

## दंपत्ति हत्याकांड का फरार आरोपित कर्रा से गिरफ्तार

**खूंटी :** पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र के सुनगी गांव में हथियार दिखाकर लोगों को धमका रहे एक अपराधी को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी रविवार को तोरपा के एसडीपीओ खिस्टोफर केरकेट्टा ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी जुलियस तोपनो कर्रा थाना क्षेत्र के सुनगी गिरजाटोली गांव का रहनेवाला है। एसपी अमन कुमार को सूचना मिली थी कि एक अपराधी हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने वाला है। सूचना के आलोक में इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर सुनगी भेजा गया। टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए अपराधी को धर दबोचा।

# धार्मिक तोरण द्वार में असामाजिक तत्वों ने लगायी आग, छावनी में तब्दील हुआ गांव

### एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में चार थानों की पुलिस ने किया कैंप

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में रविवार को असामाजिक तत्वों के द्वारा एक धार्मिक तोरण द्वारा में आग लगा दी गई। दिग्वार गांव के मुख्य चौक पर हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस को जैसे ही इसकी खबर लगी कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में चार थानों की पुलिस ने यहां कैंप लगा लिया। धार्मिक कार्यक्रम के लिए लगाए गए तोरण द्वार में आग की घटना से गांव के अलावा आसपास के कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। उत्पन्न तनाव के कारण वहां की दुकानें भी नहीं खुली। हर व्यक्ति अपने घर में दुबका था। उन्हें ऐसा लग रहा था कि कभी भी यहां शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। लेकिन रामगढ़ पुलिस की सूझबूझ से किसी भी प्रकार की ना तो हिंसा हुई और ना ही किसी भी समुदाय के लोग सड़क पर उतरे। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने सभी वर्गों के साथ वार्ता कर उस असामाजिक तत्व को पकड़ने में मदद करने की अपील की जिसने सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश की है।



#### खंगाले गये सीसीटीवी कैमरे

दिग्वार चौक पर जहां धार्मिक तोरण द्वार लगाया गया था वहीं पर कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस के द्वारा सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाल गया, ताकि वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति की पहचान हो सके। इसके अलावा आसपास के घरों की भी तलाशी ली गई। साथ ही घटना को अंजाम देकर उपद्रवी किस तरफ निकला होगा इसकी छानबीन भी की गई।

#### भ्रामक खबरों पर ना दें ध्यान, सुरक्षा में तैनात हैं अधिकारी : एसडीओ

कुजू ओपी क्षेत्र में फैले तनाव को कम करने के लिए रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार भी उस इलाके में पहुंचे। पूरे गांव में घूम-घूम कर उन्होंने लोगों से बात की।उन्होंने इसके बाद शांति समिति की बैठक बुलाई। इस बैठक में दिग्वार, पोचरा के आसपास के इलाकों के प्रबुद्ध नागरिकों, रामनवमी पूजा समिति व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने वाले लोगों के साथ-साथ विभिन्न समुदायों के लोगों को शामिल किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि कोई भी भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान ना दें। सुरक्षा में पदाधिकारी तैनात किए गए हैं और सामाजिक तत्वों का पता लगाया जा रहा है। वर्तमान समय में शांति व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है।

#### छावनी में तब्दील रहा इलाका

किसी की धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे और कोई भी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का हमला न करें इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारी पिछले 12 घंटे से उसे गांव में मौजूद हैं। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। घटनास्थल के आसपास अतिरिक्त फोर्स को लगाया गया है। कुजू ओपी के अलावा मांडू थाना, वेस्ट बोकारो ओपी , बरकाकाना ओपी प्रभारी और वहां की पुलिस फोर्स को इस गांव में तैनात कर दिया गया है। पुलिस लाइन से भी भारी मात्रा में पुलिस बल को वहां भेजा गया है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता



**गुमला :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को सिसई के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 20 एवं 21, राजकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहने वाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलंटियर नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिसई के राजकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप से जुड़ी सुनीता देवी से भी मिले। वे जानना चाहते थे कि सुनीता लोगों को नैतिक मतदान के विषय में क्या जानकारी दे रहीं हैं। सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 के निरीक्षण के दौरान बोरांग ग्राम प्रधान दिलेशर उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोग बानालात स्थित मतदान केंद्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते थे जिस वजह से बूढ़े-बुजुर्ग लोग अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे। इस बार अपने गांव में मतदान केंद्र बन जाने से हम सब अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। मतदान केंद्र 108 के निरीक्षण के दौरान 87 वर्षीय दिव्यांग भूखली देवी की जानकारी प्राप्त हुई जिनके मतदान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग कराने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के समय के बारे में मतदान केंद्र संख्या 22 की बीएलओ ओकिला देवी से पूछा। उन्होंने बताया कि इस बार सुबह सात बजे से शाम के 5 बजे तक मतदान रहेगा। पहले तीन बजे ही खत्म हो जाता था। हमलोग पांच बजे तक इस बार मतदान करवाएंगे और जो 5 बजे तक लाइन में खड़े हो जाएंगे उनका भी हमें मतदान कराना है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्रों की मतदाता सूची से क्रमवार मतदाताओं के विषय में बीएलओ से जानकारी मांगी। सभी बीएलओ ने आपने क्षेत्र के मतदाताओं की समुचित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी।

## झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया साइड लाइन : अमर बाउरी



स्वदेश संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रविवार को कहा कि झामुमो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को साइड लाइन कर दिया है, इसीलिए उन्हें सरायकेला में उनके विधानसभा क्षेत्र भेज दिया गया है। वह यहां कार्यक्रम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की अहम जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रहीं हैं। अमर कुमार बाउरी ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सवाल किया कि वह (कल्पना सोरेन) ऐसा किस हैसियत से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती रही है कि झामुमो में परिवारवाद हावी है। कल्पना सोरेन के आगे आने से यह सही साबित हुआ है। बाउरी ने कहा कि चंपई सोरेन कहते हैं कि इंडी गठबंधन सभी 14 सीट जीतेगा। वह हताशा में बयान दे रहे हैं। मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं।

## चार बदमाश गिरफ्तार, तीन कट्टा और 9 गोली बरामद

स्वदेश संवाददाता

**गुमला :** पुलिस ने पटेल चौक के नजदीक लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह, शुभम कुमार और बबलू साहू है। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चपका के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन देशी कट्टा, .303 एमएम की चार गोली, .315 एमएम की तीन गोली और 12 बोर का दो गोली पुलिस ने बरामद की है। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों बदमाश भागने लगे। पुलिस बल ने सभी को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में तीन देशी कट्टा, 9 गोली बरामद की। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सभी पहले आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी समेत कई अपराध में जेल जा चुके हैं।



## युवाओं को अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : डीसी

स्वदेश संवाददाता



**लोहरदगा :** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिलेवासियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर डीसी डा.प्रसाद कृष्ण वाघमारे ने कहा कि संविधान के रचयिता,ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए,खास कर युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने संविधान की रचना की है और जब संविधान को पढेंगे तो बहुत कुछ समझ में आता है।उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" हमेशा प्रासंगिक रहेगा.बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है.विधार्थियों को उनके विचारों,आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है।इस अवसर पर समाहरणालय मैदान के पास स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धा सूमन अर्पित किया।

## तीन शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, पांच मोबाइल, एटीएम सहित अन्य सामान बरामद

स्वदेश संवाददाता



**देवघर :** देवघर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिडको स्थित त्रिमूर्ति चौक निवासी तोयेश संजय पाटिल, सारवां थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी प्रफुल रवानी और मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा निवासी रितिक रोशन है। देवघर पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी कर रहे थे और इस आड़ में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे। आरोपितों के एक खाते से एक माह में 70-80 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने बताया कि आरोपित टेलीग्राम समूह के माध्यम से सट्टा बाजार में निवेश कराने, बैंक क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड के विवरण प्राप्त कर ठगी करने का काम करते थे। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल से साइबर क्राइम के 15 अपराध लिंक पुलिस को मिले है, जिसकी जांच की जा रही है।

### भाजपा प्रत्याशी ने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

## अब संसद में गूंजेगी क्षेत्र की जनता की आवाज : कालीचरण सिंह

स्वदेश संवाददाता



**चतरा:** चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने समर्थकों के साथ का कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का आज दौरा किया। भाजपा कार्यकताओं सहित आम लोगों में काफी उत्साह देखा गया। जगह जगह पर प्रत्याशी कालीचरण सिंह का महिलाएं,युवा,किसान, भाजपा कार्यकर्ता, बुजुर्ग सहित समाज के सभी वर्गों ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा अर्चना की।प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मां वनखंडी मंदिर,कादे गांव के शिव मंदिर,बकचुंबा मंदिर में उन्होंने पूजा अर्चना की। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने विभिन्न चौराहों पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र जनता की सेवा के लिए सदैव एक पैर पर खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने एक सामान्य कार्यकर्ता को लोकसभा का टिकट दिया है और इस क्षेत्र की जनता की का पूर्ण आशीर्वाद मिल रहा है।अपने चुनाव प्रचार में उत्साह से लबरेज भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा में शिक्षा को सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी जनता के अपार स्नेह से मिला है। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार और तकनीकी शिक्षा के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों को खोलने का प्रयास किया जाएगा।प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों और बिहार राज्य की सीमा से सटे गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।पूरे दिन उन्होंने प्रखंड क्षेत्र की जनता से रूबरू होते रहे।एक दिवसीय दौरे पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार जन समर्थन भी मिल रहा है।इस दौरान चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता,जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह,विनय सिंह, इटखोरी चुनाव प्रभारी गोविंद राम दांगी,तुलेश्वर प्रसाद दांगी,धर्मनाथ ठाकुर,प्रकाश कुमार वर्मा,अनुज सिंह,प्रभु नाथ सिंह,सतीश सहित दर्जनों गांवो का किया दौरा किया ।

अध्यात्म

### श्रीमद्भदेवी भागवत सह देवी प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

# अभिराम दीक्षित को मां भद्रकाली का चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

- 11 वर्षीय देविका दीक्षित व 7 वर्षीय अभिराम दीक्षित के कथा वाचन से श्रद्धालु हुए भावविभोर

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** इटखोरी नवादा गांव में आयोजित श्रीमद्भ देवी भागवत सह देवी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मथुरा वृंदावन से आये 11 वर्षिय कथावाचिका देविका दीक्षित व इनके भाई नें 7 वर्षिय अभिराम दीक्षित नें अपने कथावाचन से भक्तों को भावविभोर कर दिया । इस मौके पर जिला परिसद सदस्य श्री मति सरिता देवी ने मथुरा वृंदावन से आये 11 वर्षिय कथावाचिका देविका दीक्षित व इनके भाई नें 7 वर्षिय अभिराम दीक्षित को माँ भद्रकाली का चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया । इस मौके पर कोनी पँचायत के मुखिया सह मुखीया संघ अध्यक्ष रंजय भारती मलकपुर मुखीया प्रतिनिधि राजकुमार रजक जीप सदस्य प्रतिनिधि भरत साव संतोस साव शिक्षक प्रमोद राम समेत अन्य उपस्थित थे । मौके पर हजारों की संख्या में श्रोताओं की भीड़ भी उमड़ी । मथुरा वृंदावन 11 वर्षिय कथावाचिका देविका दीक्षित ने मधु कैटव की कथा को सुनाते हुए कहा कि प्रलय काल के समय जब पूरा संसार एकार्णव में निमग्न हो रहा था, उस समय भगवान विष्णु शेषनाग शैय्या पर लेटे निंद्रा कर रहे थे। तभी उनके कानों के मैल से दो भयंकर राक्षस प्रकट हुए। जिनके नाम मधु और कैटभ थे। उन दोनों राक्षसों ने भगवान विष्णु की नाभि से निकले कमल में बैठे में ब्रह्मा को खाने का प्रयास कर रहे थे। तभी ब्रम्हा जी डर गए और उन्होंने निंद्रा देवी की स्तुति की और कहा कि हे देवी भगवान विष्णु की आंखों से बाहर हो जाइए और प्रभु के मन में इन दोनो राक्षसों के वध करने का उत्साह भर दो। इससे पूर्व भक्तों की भीड़ में परिसर में चल रहे यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। तदोपरांत कथा का आनंद उठाया। वह पांडे बाबा मंदिर पर चल रहे यज्ञ में प्रवचन कर रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि ईश्वर की शक्ति से कोई भी शक्ति पार नहीं पा सकती। उन्होने कहा कि बलशाली दोनों ही राक्षस मधु और कैटभ ने भगवान विष्णु के साथ लगातार पांच हजार वर्षो तक युद्ध किया। तत्पश्चात भगवान विष्णु क्रोधित हो गए और उन्होंने राक्षस का सर अपनी जंघा पर रखकर धड़ से अलग कर दिया, लेकिन केटभ वहां से भाग निकला। धीरे धीरे केटभ का अत्याचार बढ़ता चला गया और तीनों लोकों मे त्राहि त्राहि मच गई। केटभ के अत्याचारों से परेशान देवताओं ने अपनी शक्तियों से एक आकृति उत्पन्न की जो कि मां दुर्गा के रूप में प्रकट हुई और उनके द्वारा राक्षस केटभ का वध किया गया। मधु केंटभ का वध तथा मां दुर्गा की महिमा सुनकर सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और मां दुर्गा के जयजय कारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। प्रवचन से पूर्व मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की तथा मन्नतें मांगी।

# चतरा जिला मुख्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वदेश संवाददाता



**चतरा:** जिला मुख्यालय के गंदौरी मंदिर स्थित जलछाजन परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ, टेबल टेनिस, खेल संघ, टेबल सोकर संघ, पतंजलि योगपीठ, क्रीड़ा भारती चतरा इकाई और तलवारबाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद व संचालन ताइक्वांडो संघ के विकास केसरी ने की। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डीएवी स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद, ताईक्वाडो संघ के विकास केसरी, खेल संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी पूर्व मुखिया विवेक सिंह, समाजसेवी मो जसीम, फजलू रहमान, टेबल सॉकर संघ के सूरज कुमार, पतंजलि योगपीठ के शिक्षिका रीना दुबे, मदन साहू, क्रीड़ा भारती की संगीता मिश्रा, सुनीता कुमारी, तलवारबाजी संघ के युगल कुमार और देवानंद सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथा स्तंभ होते हैं। विपरीत परिस्थिति में भी ये समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं। सशक्त लोकतंत्र पत्रकारों के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित कमेटी चतरा को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी। तायक्वाडों संघ के सचिव विकास केसरी ने कहा कि चतरा का गौरवमयी इतिहास रहा है। पत्रकारों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील कश्यप, उपाध्यक्ष अजीत सिंहा, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंटी समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडे, संतोष केसरी, अजय चौरसिया, रणधीर सिंह, अजीत पांडे, शैलेश कुमार, कुलदीप दास, श्रीकांत राणा, अमित सिंह समेत अन्य को बुके देकर व माला पहनकर स्वागत किया गया।

## संपादकीय



# नेतृत्व की कमी से दो-चार होता विपक्ष!

**2024** के लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टी लगातार एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। ये राजनीति में बिल्कुल ही स्वभाविक है। वैसे, 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ पार्टियों के लिए करो या मरो की स्थिति है। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस, यूपी में समाजवादी पार्टी और पश्चिम बंगाल में वामपंथी पार्टियों का यही हाल है। कांग्रेस पार्टी को 2014 और 2019 में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। हार ऐसी शर्मनाक रही कि उसको विपक्ष का नेता तक नसीब नहीं हो पाया। उतर प्रदेश में देखें तो समाजवादी पार्टी 2014 का लोकसभा 2017 का विधानसभा 2019 का लोकसभा और 2022 का विधानसभा चुनाव हार गयी है। सीपीएम का मुख्य जनाधार पश्चिम बंगाल था, लेकिन वहां से तीन विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। ऐसी पार्टियों के लिए इस बार करो या मरो के लिए स्थिति है। 2019 में भी ये पार्टियां आक्रामक थीं, और उनको उम्मीद थी कि नरेंद्र मोदी की सरकार 2019 में नहीं आयेंगी। भाजपा ना केवल सरकार में आयी बल्कि कई राज्यों में विधानसभा का चुनाव भी जीता।

इस बार आम जानकार भी मान रहे हैं कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभी तक कोई हवा नहीं बन पायी है। जनता में भी कोई आक्रोश नहीं देखने को मिल रहा है। विपक्ष को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर कोई आकर्षण नहीं दिख रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ना भाजपा के विरोध में कोई लहर है और ना ही विपक्ष को सत्ता में लाने का भाव है। इसलिए ये सब सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। हालांकि, कुछ राज्यों में बात अलग है। इस बार मुद्दे बेहद आक्रामक तौर पर उठ रहे हैं, हालांकि चुनाव के समय ऐसी भाषा नहीं होनी चाहिए थी। राहुल गांधी ने रामलीला मैदान से कहा कि अगर भाजपा सरकार में आई तो देश में आग लग जायेगी। मल्लिकार्जुन खरगे और कई नेताओं ने कहा है कि अगर भाजपा इस बार जीती तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जायेगा, संविधान को बदल दिया जायेगा। हालांकि, साल 1975 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के समय में देश में आपात काल लगा था, उस समय मौलिक अधिकार और न्यायपालिका का भी अधिकार खत्म हो गया था, वह स्थिति अभी तक भारत में दोबारा पैदा नहीं हुई है। 2014 और 2019 के चुनाव के जैसे हालात अब 2024 में नहीं हैं। कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप चल रहे हैं। साल 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी। उन्हीं के सरकार के मंत्रियों के उपर भ्रष्टाचार के आरोप थे। 2024 के चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्री जेल में है। हालांकि, हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दे दिया था और अरविंद केजरीवाल अभी भी मुख्यमंत्री बने हुए हैं। इसके अलावा अनेक नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और सीबीआई-ईडी की कार्रवाई चल रही है। प्रचार यह किया जा रहा है कि केंद्र की सरकार विपक्ष को एजेंसियों से परेशान करवा रही है। विपक्ष को कुचलने की कोशिश और जेल में डालने की कार्रवाई की जा रही है। एजेंसिया इस कदर का मुकदमा बनाती है कि उन्हें जमानत तक मिलना काफी मुश्किल हो जाता है। आम आदमी पार्टी ने एक अभियान दिल्ली में चलाया है कि आप के नेताओं को जेल में डाला है तो उनको वोट देकर हराने का काम जनता करे। जेल का जवाब वोट से- इस प्रकार के अभी तक मुद्दे चुनाव में नहीं देखे गये थे।

इधर, हाल में ही पीएम नरेंद्र मोदी सभा के दौरान बोले कि किसी भी हाल में भ्रष्टाचारी नहीं बचेंगे, उनके जो मुकदमे चल रहे हैं वो किसी भी हाल में बंद नहीं होंगे। टीएमसी के सांसदों ने हाल में ही चुनाव आयोग से जाकर मुलाकात की और मांग की है कि केंद्रीय एजेंसियों, जिसमें ईडी, सीबीआई और एनआईए है, के प्रमुखों को बदल दिया जाये। चुनाव आयोग जिले के डीएम, एसपी के अलावा चुनाव से संबंधित अधिकारियों का तबादला कर सकता है, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुख को बदलने और उनके नियुक्त की मांग करना कहां से मुनासिब है?

## अध्यात्म पथ

### लड्डू गोपाल को इन चीजों से करायें स्नान खुश होकर धन-संपदा में वृद्धि का देंगे आशीष



**हिंदू** धर्म में बहुत सारे लोगों के घर में लड्डू गोपाल स्थापित होते हैं। मान्यता के मुताबिक, लड्डू गोपाल जिससे अपने पूजा और सेवा करवाना चाहते हैं, सिर्फ उसी के मन में अपने प्रति प्यार का भाव जगाते हैं। वहीं, जिससे लड्डू गोपाल को अपनी सेवा नहीं करवानी होती है, वह लाख कोशिशों के बाद भी लड्डू गोपाल को अपने घर नहीं ला पाता है। वहीं, लड्डू गोपाल की सेवा में कई नियमों का ध्यान रखना पड़ता है। शास्त्रों में भी पूजा-सेवा से जुड़े कई नियम बताये गये हैं। आपको बता दें कि धर्म ग्रंथ में लड्डू गोपाल के स्नान के बारे में काफी वर्णन मिलता है। जैसे लड्डू गोपाल को कब और किस विधि से स्नान कराना चाहिए। साथ ही किन-किन वस्तुओं से स्नान कराना शुभ माना जाता है। ऐसे में अगर आपके घर में भी लड्डू गोपाल हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिये है। आज इस आर्टिकल के जरिये हम आपको बताने जा रहे हैं कि लड्डू गोपाल को किन-किन चीजों से स्नान करवाना चाहिए। गोपी चंदन लड्डू गोपाल को बेहद प्रिय है। इसलिए रोजाना आप गोपी चंदन से लड्डू गोपाल को स्नान करवा सकते हैं। गोपी चंदन से स्नान करवाने से लड्डू गोपाल प्रसन्न होने के साथ ही वह नित्य रूप से शुद्ध बने रहते हैं।

**केसर से स्नान :** केसर का इस्तेमाल लड्डू गोपाल को स्नान कराते समय किया जा सकता है। इससे लड्डू गोपाल का मन हर्षित यानी की प्रसन्न रहता है। साथ ही लड्डू गोपाल की कृपा से घर में सकारात्मकता और शुभता बनी रहती हैं और खुशहाली का आगमन होता है।

**पंचामृत से स्नान :** लड्डू गोपाल को आप पंचामृत से भी स्नान करवा सकते हैं। हांलाकि, रोजाना पंचामृत का इस्तेमाल करने पर मनाही है। सिर्फ मंदिरों में रोजाना पंचामृत से स्नान होता है। उत्सव आदि के मौके पर लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान कराना चाहिए।

# अम्बेडकर चाहते थे देश में समान नागरिक संहिता

स्वदेश टुडे विचार



**शिवप्रकाश**
**राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा।**

> सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के प्रति जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले समाज उद्धारक बाबा साहेब थे। संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण सभी भारतीय उनको संविधान निर्माता के रूप में स्मरण करते हैं। इस बार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे।

**14 अप्रैल** 1891 को महू (मध्य प्रदेश) छावनी में पिता सूबेदार रामजी सकपाल एवं माता भीमाबाई के परिवार में बाबा साहेब का जन्म हुआ था। कुशाग्र बुद्धि, अथक परिश्रमी, शिक्षाविद्, शोषित, वंचित, पीड़ितों के प्रति संघर्ष के कारण मसीहा के रूप में उनको पहचान मिली। आर्थिक विशेषज्ञ, श्रमिक नेता के साथ-साथ राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत बाबा साहेब का जीवन था। सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के प्रति जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले समाज उद्धारक बाबा साहेब थे। संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण सभी भारतीय उनको संविधान निर्माता के रूप में स्मरण करते हैं। इस बार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद लगभग 2 करोड़ युवा मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर अपने लिए सरकार चुनने का कार्य करनेवाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 18 वर्षीय युवा 18वीं संसद को चुनने का कार्य करेंगे। इस समय समस्त राजनीतिक दल एनडीए एवं इंडी दो समूहों में विभाजित हो गए हैं। एनडीए का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम हाथों में है, जो 10 वर्ष की अपनी उपलब्धियों के आधार पर देशभर के मतदाताओं से भाजपा एवं गठबंधन को वोट देने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं, अनिर्णित नेतृत्व के साथ एवं भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध कर इंडी गठबंधन अपने लिए वोट मांग रहा है। नीर-क्षीर विवेक के आधार पर मतदाताओं ने अपने प्रतिनिधि एवं सरकार का चयन अपना शत-प्रतिशत मत देकर करना है। मतदान यह प्रत्येक मतदाता का राष्ट्रीय दायित्व है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र (न्याय पत्र) में वादा किया है - कांग्रेस भोजन, पहनावे, प्यार एवं शादी जैसे व्यक्तिगत विषय पर हस्तक्षेप नहीं करेगी। यदि इस वादे के माध्यम से कांग्रेस देश में पिछले दिनों कर्नाटक के स्कूलों में हुए हिजाब घटनाक्रम एवं लव जिहाद की मानसिकता को समर्थन कर रही है, तब यह देश के लिए आत्मघाती कदम होगा। स्कूली छात्रों में परस्पर प्रेम, भाईचारा, समानता एवं अनुशासन लाने के लिए एक समान वेश निश्चित किया जाता है। ऐसी मांग का समर्थन छात्रों में वैमनस्यता का विष घोलने का काम करेगा। यह क्रम केवल हिजाब तक न रुककर आगे कहां तक जायेगा, यह कहना कठिन होगा। योजनाबद्ध तरीके से गैर मुस्लिम लड़कियों (हिन्दू, ईसाई) को प्रेम जाल में फंसाकर एवं बाद में नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर करना यह बहुसंख्यक समाज के साथ बहुत बड़ा षड्यंत्र है। इसी लव जिहाद की मानसिकता को केरल सहित देश के अनेक हिस्सों में सरकारी एजेंसियों ने भी उद्घाटित किया है। देश विभाजन का दंश झेल चुके समाज में यह पुनः विभाजन का भय पैदा करता है। यूरोप सहित दुनिया के अनेक देश ऐसे विषयों पर कठोर कानून बना रहे हैं। उत्तराखंड की भाजपा सरकार संविधान की भावना पूर्ति करते हुए समान नागरिक संहिता लायी है। संविधान सभा की बहस में श्री अल्लादिकृष्णा स्वामी एवं केएम. मुंशी का समर्थन करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा था कि समान नागरिक संहिता संविधान मसौदे का मुख्य लक्ष्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक बार अपने निर्णयों में इसके समर्थन में निर्देशित किया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट के कारण संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का विरोध कर रही है। कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में कहा गया है कि देश में पिछले पांच वर्षों से भय का वातावरण है। लोगों को डराने-धमकाने के लिए कानूनों एवं एजेंसियों को हथियार बनाया जा रहा है। यह कहकर कांग्रेस सीबीआई, ईडी जैसे विभागों की भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई पर ऊंगली उठा रही है। वास्तव में देखा जाये तो देश में नक्सलवाद एवं सीमावर्ती आतंकवाद कम हुआ है। गुंडे, बदमाश, आतंकवादी एवं आतंकवाद का समर्थन करने वाले भयांकित है। पहले सार्वजनिक स्थानों पर लिखा रहता था - अनजान वस्तुओं को मत छुओ बम हो सकता है, अब लिखा नहीं मिलता। सामान्य नागरिक निर्भय होकर अपना जीवन जी रहे हैं। भय का वातावरण यदि है तो भ्रष्टाचारियों में है जो देश की सम्पत्ति को अपनी संपत्ति मान बैठे थे। उनमे भय अच्छे प्रशासन का लक्षण है। परिवार के आधार पर चलने वाले दलों के नेताओं में अपने अस्तित्व के समाप्त होने का भय है।

संविधान सभा की बहस के समय सभा के सदस्य श्री महावीर त्यागी ने चिंता व्यक्त करते हुए परिवारवाद की ओर इंगित करते हुए कहा था कि भविष्य में एक विशिष्ट वर्ग वृत्तिभोगी राजनीतिज्ञों का जन्म होगा, जो की अपने जीवन यापन के लिए राजनीति पर ही आश्रित रहेंगे। देश में उपजी परिवारवादी पार्टी उनकी उस समय की चिंता का प्रकट रूप हैं। एजेंसियां दोषियों पर कार्यवाही करें यह उनसे अपेक्षित ही है। न्यायालयों के निर्णयों ने भी एजेंसियों का समर्थन किया है। शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन के भवन निर्माण के लिए छपी रसीद बुकों के संग्रह के समय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बाबा साहेब ने कहा था - पावती पुस्तकें न लौटाना एवं संपूर्ण संग्रह न जमा करना संगठन व जनता के साथ सरासर धोखा है। ऐसा धोखा कानूनन अपराध है। बाबा साहेब के यह विचार भ्रष्टाचार के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रकट करते हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार का समर्थन कर देश के साथ बहुत बड़ा छल कर रही है। कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में सामाजिक न्याय का संदेश देने वाले महापुरुषों को पाठ्यक्रमों में स्थान देने एवं बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के नाम से भवन एवं पुस्तकालय खोलने का वायदा किया है। जबकि कांग्रेस का व्यवहार सदैव बाबा साहेब के प्रति उपेक्षा का ही रहा है। मुंबई एवं भंडारा चुनावों की विजय में कांग्रेस बाधक बनी। संसद के केंद्रीय कक्ष में उनकी चित्रपट लगाने की मांग को नेहरू जी ने खारिज किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु जी के व्यवहार से अपमानित होकर एवं समाज विरोधी नीतियों के कारण उन्होंने 1951 में मंत्रिमंडल से त्याग पत्र दिया था। उनको भारत रत्न के योग्य भी कांग्रेस ने नहीं समझा। भारतीय जनता पार्टी के समर्थन वाली प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार द्वारा 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। बाबा साहेब की स्मृति के स्थानों पर पंचतीर्थों का निर्माण एवं उनके विचारों के अध्ययन के लिए शोध पीठ की स्थापना प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हुई। सामाजिक न्याय के लिए कार्य करनेवाले महापुरुषों को प्रतिष्ठा देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हुआ। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजाति गौरव दिवस की घोषणा, संत कबीरदास की पुण्यस्थली मगहर को भव्य बनाना, संत रविदास के जन्म स्थान काशी पर विकास का प्रकल्प, संत ज्योतिबा फुले, संत वसवेश्वर, नारायण गुरु आदि महापुरुषों के विचारों का मन की बात के समय उल्लेख, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इन महापुरुषों के प्रति संवेदनशीलता को प्रकट करता है। वामपंथ प्रेरित इतिहासकारों ने पाठ्यक्रमों में इन महापुरुषों को उचित स्थान नहीं मिलने दिया। यह वामपंथी मानसिकता ही आज की कांग्रेस की दिशादर्शक बनी है। बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर सदैव भारत विरोधी वामपंथी मानसिकता से संघर्ष करते रहे। 12 दिसंबर 1945 को नागपुर की एक सभा को संबोधित करते हुए बाबा साहेब ने वामपंथियो से बचने की सलाह देते हुए कहा था कि वामपंथियो की स्वयं की कोई नीति नहीं हैं और उनकी प्रेरणा का केंद्र विदेश है। महापुरुषों को सम्मान देने के बजाय स्वतंत्रता के योगदान में सभी क्रांतिकारियो एवं स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नकार कर केवल नेहरु खानदान को महिमामंडित करने का कार्य कांग्रेस के द्वारा किया गया। बाबा साहेब अंबेडकर ने इसे विभूति पूजा कहकर संविधान एवं लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था। डॉ. अंबेडकर ने संविधान समिति के अपने अंतिम भाषण में कहा था कि यदि दलों ने अपनी राजनीतिक प्रणाली को राष्ट्र से श्रेष्ठ माना, तो अपनी स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है। हम संविधान में उल्लेखित एक व्यक्ति एक मत और एक मत एकमूल्य को पहचानकर अपने मत का उपयोग करें यही डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी के प्रतिसच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में हो समाज का जुड़ाव

> अब सभी दलों ने प्रत्याशियों के चयन के साथ टिकटों का ऐलान कर अपनी रीति-नीति को जाहिर किया है। पार्टी हाई कमान राज-काज में भागीदारी के लिए योग्यता या अनुभव की जगह अपने विश्वासपात्रों को तलाश रहा है जो लायल बना रहे। जनता को अपने विश्वास में लेने के लिए न्याय और गारंटी पर खूब जोर दिया जा रहा है। युवा, स्त्री, मजदूर, किसान, गरीब आदि के लिए खैरात बांटने की घोषणा की भरमार हो रही है। वादों के जरिये जन-कल्याण का नुस्खा पेश करते हुए बहुत से प्रस्ताव आ रहे हैं। इनमें आरक्षण की सीमा बढ़ाने, नौकरी के अवसर देने, कर्ज देने और माफ करने, विभिन्न वर्गों के लिए अनुग्रह राशि देने और जातिगत जनगणना करा कर सबको संतुष्ट करने की कोशिश जारी है।

**गिरीश्वर मिश्र**

**अंग्रेजी** उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहां की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आये, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएं भी आयीं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आयी। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था, पर पूर्ण स्वराज की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था। स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी। इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है । इस दृष्टि से लोक सभा का ताजा चुनाव एक खास अवसर है। चुनाव के लिए प्रचार का काम जोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए किस्म-किस्म की तरकीबें आजमाई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके। जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में जमीनी स्तर पर प्रचार करने की कवायद रफ्तार पकड़ने लगी है। मीडिया खास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंतःकरण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबाँट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियां दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालांकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और गलतियों की फेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और गैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनैतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। जनपक्षीयता, जन-सुविधाओं के व्यापकीकरण जैसे- डिजीटलीकरण, संसाधनों और इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं। मोदी की गारंटी असरदार हो रही है। सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने की उनकी कोशिश भी रंग ला रही है।

अब सभी दलों ने प्रत्याशियों के चयन के साथ टिकटों का ऐलान कर अपनी रीति-नीति को जाहिर किया है। पार्टी हाई कमान राज-काज में भागीदारी के लिए योग्यता या अनुभव की जगह अपने विश्वासपात्रों को तलाश रहा है जो लायल बना रहे। जनता को अपने विश्वास में लेने के लिए न्याय और गारंटी पर खूब जोर दिया जा रहा है। युवा, स्त्री, मजदूर, किसान, गरीब आदि के लिए खैरात बांटने की घोषणा की भरमार हो रही है। वादों के जरिये जन-कल्याण का नुस्खा पेश करते हुए बहुत से प्रस्ताव आ रहे हैं। इनमें आरक्षण की सीमा बढ़ाने, नौकरी के अवसर देने, कर्ज देने और माफ करने, विभिन्न वर्गों के लिए अनुग्रह राशि देने और जातिगत जनगणना करा कर सबको संतुष्ट करने की कोशिश जारी है। परिवार-प्रथम की युक्ति संकुचित और विकलांग राजनीतिक सोच को ही बता रही है। जातिवाद और तुष्टीकरण की खुली नीति से उसे पुष्ट भी किया जा रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्तता के मामले अनेक नेताओं के गले की फांस हो रहे हैं। दलों की साख घट रही है। आइएनडीआईए जैसा मोर्चा संकल्पहीन नाटक हो रहा है। भारत के सबसे पुराने दल कांग्रेस अस्तित्व के लिए बुरी तरह संघर्षरत है। उसके लिए गहरे आत्म-मंथन की जरूरत है। आज जाति, क्षेत्र और धर्म जैसे समाज-विभाजक आधारों का आसरा लेकर प्रलोभनों की झड़ी लग रही है। सुरा, सुविधा, बाहुबल और धन-बल से वोट की सौदेबाजी खुल कर सामने आ रही है। नेतागण अक्सर सत्ता संभालने और उसका सुख भोगने में लग जाते हैं। आम जन और उनके नेताओं के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी काम-काज की धीमी गति, कानूनी उलझनों और उबाने वाली नौकरशाही पूरी व्यवस्था को प्रश्नांकित करती दिखती है। आम जन उद्धार पाने के लिए बेचैन है। नारे और वायदों से उकता चुकी जनता को जमीनी हकीकत में बदलाव की आगामी चुनाव की कसौटी रहेगी। जनता के जन-घोषणा पत्र में किसी एक खास की संतुष्टि नहीं बल्कि सबका कल्याण ही सबसे पहले है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून की संस्थाओं और उनकी कार्यविधि का पुनर्जीवन, भ्रष्टाचार से मुक्ति, और सदाचार का पोषण हुए बिना आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है। वंचितों की मौलिक सामर्थ्य को बढ़ाना न कि उनको परोपजीवी बनाये रखना, पारदर्शिता के साथ सुशासन की व्यवस्था ले आना, लचर और हास्यास्पद रूप से तकनीकी होती जा रही न्याय-प्रणाली को सुधारना अहं है। इसी तरह शिक्षा का महत्व समझ कर उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाना अपरिहार्य होगा। तभी युवा भारत को सार्थक जीवन का अवसर मिल सकेगा। फौरी प्रलोभन देकर वोट बटोरने की कुप्रथा से कुछ न होगा। भारत एक ऐसे सशक्त भारत का स्वप्न देख रहा है जिसमें ऐसी पारदर्शी व्यवस्था हो जो लोक-कल्याण से प्रतिबद्ध हो और सबकी सहभागिता हो।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विवि, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार *, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

संक्षिप्त समाचार

## सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में 6 लोगों की चाकू मारकर हत्या




**सिडनी, एजेंसी।** सिडनी में शनिवार को एक हमलावर ने एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। हमलावर को बाद में पुलिस ने गोली मार दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के अनुसार, सिडनी में वेस्टफील्ड के एक बड़े शॉपिंग सेंटर – बॉन्डी जंक्शन में स्थानीय समयानुसार शनिवार लगभग 3.30 बजे कई लोगों को चाकू मारे जाने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को लगाया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, पूर्वी उपनगर पुलिस क्षेत्र कमान से जुड़े एक अधिकारी पर भी हमलावर ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। अधिकारी ने उसे गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि उस व्यक्ति को गोली मारे जाने से पहले उसने छह लोगों पर जानलेवा हमला किया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने एक्स पर लिखा, मुझे एएफपी (ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस) ने बॉन्डी जंक्शन पर विनाशकारी घटनाओं के बारे में जानकारी दी है। दुखद रूप से, कई लोगों के हताहत होने की सूचना है और मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके प्रियजनों के साथ हैं। अल्बनीज़ ने एक अन्य पोस्ट में कहा, हमारा दिल उन घायलों के साथ है और हम तत्काल कार्रवाई के लिए बहादुर पुलिस को सलाम करते हैं। पुलिस कमिश्वर करेन वेब ने कहा अभी ऐसा नहीं लगता कि बॉन्डी जंक्शन शॉपिंग सेंटर में हत्याओं के लिए जिम्मेदार 40 वर्षीय हमलावर की विचारधारा आतंकवादियों से प्रेरित थी।

## ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी, इस्राइल से कहा– अंजाम बहुत बुरा होगा



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** ईरान की तरफ से इस्राइल पर दागे गए कई ड्रोन और मिसाइलों को अमेरिका ने मार गिराया। इस पर ईरान की अमेरिका को संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। साथ ही इस्राइल को फिर धमकी दी गई है। इस्राइल–हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इस्राइल–ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इस्राइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इस्राइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इस्राइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई मिशन ने कहा, यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर, दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की गई थी। मामला अब खत्म समझा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, अगर इस्राइल ने एक और गलती की, तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। यह संघर्ष ईरान और इस्राइल के बीच है, अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए।

## कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडोने बैसाखी और पुथंडू की शुभकामनाएं दीं

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को सिखों को बैसाखी तथा तमिलों को पुथंडू पर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी के लिए बेहतर, निष्पक्ष और अधिक समावेशी देश बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। ट्रूडो के कार्यालय द्वारा जारी अलग–अलग शुभकामना संदेशों में प्रधानमंत्री ने सिखों को उनके फसल उत्सव बैसाखी और तमिलों को उनके नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। ट्रूडो ने कहा, ''आज, सिख कैलेंडर के सबसे पवित्र दिनों में से एक, बैसाखी मनाने के लिए कनाडा और दुनियाभर के सिख एक साथ आएंगे। बैसाखी का त्योहार खालसा पंथ की स्थापना की याद दिलाता है और साथ ही यह वसंत फसल उत्सव का भी पर्व है।

## थाईलैंड में मनाया गया सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल-लोगों ने प्लास्टिक की बंदूकों और पानी भरी बाल्टियों से वाटर फाइट की

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड में सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल मनाया गया। इसे न्यू ईयर की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। यह फेस्टिवल 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा जिसमें की 13 अप्रैल को नेशनल हॉलिडे था। सोंगक्रन फेस्टिवल 150 साल से मनाया जा रहा है और थाई संस्कृति में पानी से लड़ाई का खास महत्व है। मान्यता है की सोंगक्रन के दौरान पानी डालना शुभ होता है इसलिए लोग एक–दूसरे से पानी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में प्लास्टिक की बंदूकों का इस्तेमाल होता है। यह फेस्टिवल सफाई, श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। इसमें बुद्ध की मूर्तियों पर साफ–सुगंधित पानी छिड़कते हैं।

# ईरान का इजराइल पर हमला, 200 ड्रोन, मिसाइलें दागी, मिलिट्री बेस को नुकसान, अमेरिका का दावा सभी ड्रोन मार गिराए



**यरुशलम/तेहरान, एजेंसी।** मध्य एशिया में तनाव के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर हमला कर दिया। हमले में 200 से अधिक ड्रोन व मिसाइलें दागी गईं। अमेरिकी सेना सभी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। इजराइल के आयरन डोम ने कुछ मिसाइलों को रोक दिया। इसके बावजूद इजराइल के मिलिट्री बेस को नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। भारत ने इस मसले को शांति से निपटाने की अपील की है। अमेरिका ने इजराइल की सुरक्षा करने के अपने वादे को दोहराया है और इजराइल को फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं देने की हिदायत दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। खाड़ी देशों में हजारों की तादाद में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

इजराइली सेना ने शनिवार देर रात इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइल के मिलिट्री बेस को नुकसान पहुंचा है। एक बच्ची भी घायल हुई है। इजराइली सेना ने कहा कि हमने ईरान में कुछ ड्रोन उड़ते देखे हैं, जिन्हें यहां पहुंचने में कुछ घंटों का वक्त लगेगा। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला शुरू कर दिया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में मार गिराए गए हैं।

इजरायली सेना के यह कहने के बाद कि ईरान ने 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च कीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने बयान जारी किया; यह हमला दमिश्क में इजरायली हमले के बाद हुआ है जिसमें शीर्ष ईरानी कमांडर की मौत हो गई थी।बाइडन का कहना है कि लगभग सभी ईरानी ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया गयाजो बिडेन ने कहा है कि ईरान से लॉन्च किए गए लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया गया है, उन्होंने कहा कि वह रविवार को जी7 नेताओं की बैठक बुलाएंगे।

हमले की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस से एक बयान में कहा कि ईरान को यमन, सीरिया और इराक में उसकी प्रॉक्सी ताकतों से मदद मिल रही है। बाइडन ने कहा-मेरे निर्देश पर इजराइल की रक्षा का समर्थन करने के लिए, अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह के दौरान क्षेत्र में विमान और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे। हमने इज़राइल को आने वाले लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में मदद की। बाइडन का कहना है कि उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी बातचीत में इज़राइल के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

क्या है पूरा विवाद

दरअसल, सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर कुछ दिनों पहले घातक इजरायली हवाई हमला हुआ था। इसके बाद ईरान ने इजरायल पर हमलों की कड़ी शुरू करने के लिए लोकल प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनाई। हालांकि, ईरान ने इस बीच संकेत दिया कि अगर उसकी मांगें पूरी कर दी जाती हैं, तो वह तनाव कम करने को तैयार है। तेहरान ने साफ किया कि प्रतिक्रिया नियंत्रित होगी और तनाव को बढ़ावा देने वाली नहीं होगी। ईरान की ओर से कहा गया कि वो गाजा पट्टी में युद्धविराम सहित अपनी मांगें पूरी होने तक इससे पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है। ईरान अमेरिका से यह आश्वासन भी चाहता था कि वह नियंत्रित हमले की स्थिति में शामिल नहीं होगा, जिसे यूएस ने कथित तौर पर खारिज कर दिया।

## भारत-पाकिस्तान सीमाओं पर सालों पुरानी परंपरा टूटी ! त्यौहारों पर सैनिकों में मिठाईयों का आदान-प्रदान बंद



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर एक सालों पुरानी परंपरा बंद हो गई है। दोनों देशों के बीच तनाव के चलते अब दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाईयों का आदान-प्रदान भी बंद हो गया। इस बार ईद के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक सद्भावना की प्रतीक मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ से पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनाती की जाती है। पिछले कई वर्षों से परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों और राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते हैं। साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद से पाकिस्तान चिढ़ा हुआ है। पाकिस्तान की हरकतों की वजह से दोनों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका असर पिछले महीने फिर देखा गया जब हिंदू पर्व होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई नहीं बांटी गई। ऐसी ही स्थिति इस सप्ताह ईद-उल-फितर के मौके पर भी हुई, जब सीमा पर तैनात दोनों देशों के बलों ने एक दूसरे के साथ मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। पाकिस्तान अखबार ट्रिब्यून ने एक पाकिस्तान रेंजर्स के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। हालांकि, इसके पहले बीते साल नवम्बर में दिवाली के मौके पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई दी थी। मोदी सरकार ने अगस्त 2019 कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान लगातार भारत के बारे में गलतबयानी करता रहा है, भारत पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार पूरी तरह से बंद है।

## अमेरिकी एयरलाइंस का बाइडेन प्रशासन से आग्रह- चीन को न दी जाए अतिरिक्त उड़ानों की मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडेन प्रशासन से अमेरिका और चीन के बीच किसी भी और उड़ान को मंजूरी देना बंद करने के लिए कहा है क्योंकि उनकी मौजूदा हानिकारक प्रतिस्पर्धा-विरोधी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एयरलाइंस ने पत्र में कहा कि चीन ने महामारी के दौरान बाजार पहुंच पर सख्त सीमाएं लागू कीं और परिचालन, ग्राहकों और अमेरिकी एयरलाइन चालक दल के उपचार को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण नियम लागू किए।

सीएनएन के अनुसार, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रकाशित एक पत्र के अनुसार, प्रतिस्पर्धी नुकसान चीन की सेवा करने वाली अमेरिकी यात्री एयरलाइनों द्वारा नियोजित लगभग 315,000 कर्मचारियों के लिए हानिकारक है। पत्र में उद्योग वकालत संगठन एयरलाइंस फॉर अमेरिका के हस्ताक्षर थे जिसमें पायलट एसोसिएशन. जो इसके सदस्यों अमेरिकन एयरलाइंस (एएएल), डेल्टा (डीएएल), और यूनाइटेड (यूएएल) के साथ-साथ विमानन कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न यूनियनों के नाम शामिल है।

# ईरान के इजराइल पर हमले बाद यूएन चीफ की चेतावनी– दुनिया नहीं झेल सकती एक और युद्ध

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ईरान द्वारा इजराइल पर किये गए हमले के कारण तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए अधिकतम संयम बरतने का आग्रह किया, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने शनिवार को एक बयान में कहा, ''आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार




इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी मिशन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पत्र के जरिए सूचित किया है कि ईरान ने 13 अप्रैल की देर रात इजराइल के सैन्य ठिकानों पर सैन्य हमले किए हैं। ईरानी मिशन ने कहा कि ईरान ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अधिकार के तहत यह कार्रवाई की है जो इजराइली सैन्य आक्रामकता के जवाब में है, खासकर एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी राजनयिक परिसरों पर इज़राइल के हमले की प्रतिक्रिया में है। ईरानी मिशन ने कहा, अफसोस की बात है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने कर्तव्य में विफल रही है, जिससे इजराइली शासन को अंतरराष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन करने की अनुमति मिल गई है।

इस तरह के उल्लंघनों ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर ईरान आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करने में संकोच नहीं करेगा। मिशन ने कहा कि अगर इजराइल सरकार ने फिर से सैन्य आक्रामकता दिखायी तो ईरान का जवाब निश्चित रूप से बहुत कड़ा होगा। ईरानी मिशन ने कहा, इजराइली शासन द्वारा किसी भी अन्य सैन्य उकसावे को लेकर चेतावनी देते हुए ईरान किसी भी खतरे या आक्रामकता के खिलाफ अपने लोगों, राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और ऐसे धमकी या आक्रामकता का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कड़ाई से जवाब देने के अपने अटूट दृढ़ संकल्प को दोहराता है। स्थिति पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रविवार शाम को बैठक करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भी पश्चिम में बदलते हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हाल में हुए इजराइली हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के संदर्भ में अपनी कार्रवाई को स्पष्ट किया है। फ्रांसिस कहा, ईरानी प्रतिक्रिया ने पश्चिम एशिया में पहले से ही तनावपूर्ण और शांति एवं सुरक्षा की नाजुक स्थिति को और खराब कर दिया है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान ने शनिवार देर रात इजरायल पर अटैक कर दिया है। उनकी तरफ से 200 से ज्यादा मिसाइलें दागी गई हैं। हालांकि, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमले बड़े स्तर पर नहीं हुए क्योंकि उन्होंने कई मिसाईलों को हवा में नष्ट कर दिया। अब दोनों देशों की लड़ाई ने एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अमेरिका ने इजरायली नागरिकों को सुरक्षा देने की बात कही है और ईरान द्वारा किए गए हमले पर निंदा व्यक्त की। इस हमले पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी रिएक्शन सामने आया है और उन्होंने जो बिडेन की आलोचना करते हुए कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति होता तो इजरायल पर हमला नहीं होता।

**सामने आया ट्रंप का रिएक्शन :** हमले पर रिएक्शन देते हुए ट्रंप ने कहा, अगर मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता। उनके पास पैसे नहीं थे, लेकिन अब उनके पास 221 अरब डॉलर हैं। और इराक, जो ईरान की सहायक कंपनी बन गया है, के पास 300 अरब डॉलर हैं। हम बहुत




खतरनाक दौर में हैं क्योंकि हमारे पास एक बेहद कमजोर राष्ट्रपति है जो दो वाक्यों को एक साथ नहीं रख सकता है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, इजरायल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से कमजोर अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस जंग में इजरायल के साथ खड़ा है। अमेरिका ने कहा कि वह इजरायल की रक्षा के प्रतिबद्ध है। ईरान को इसका जवाब मिलेगा। बता दें कि ईरान और इजराइल के बीच जंग शुरू हो गई है।

## हमले को देखते हुए ब्रिटेन ने भेजे फाइटर जेट, कहा- हम सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम कर रहे

**लंदन, एजेंसी।** इस्राइली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि इस्राइल ने ईरान की तरफ से किए गए हमले को रोक दिया है। आईडीएफ ने बताया कि ईरान की तरफ से करीबन 200 अलग-अलग प्रकार के ड्रोन दागे गए, जिसमें बैलिस्टिक ड्रोन और क्रूज ड्रोन भी शामिल हैं। सीरिया में ईरान के दूतावास में हाल ही में हुए हमले के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए उसने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ईरान ने इस हमले की जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए इस्राइल में कई ड्रोन भी दागे। ईरान की चेतावनी के बाद इस्राइल के बचाव में अमेरिका सामने आया है। इस्राइल-हमास युद्ध के बीच अब इस्राइल-ईरान युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है।

**यूके ने भेजे रॉयल एयरफोर्स जेट :** एक बयान में बताया गया कि ईरानी धमकियों को देखते हुए यूके सरकार क्षेत्र में तनाव कम करने और हमलों की संभावना को रोकने के लिए क्षेत्र के अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है। यूके की तरफ से जारी बयान में कहा गया, हमने क्षेत्र में कई सारे रॉयल एयरफोर्स जेट भेजे हैं। ये क्षेत्र में किसी भी हवाई हमलों को रोक सकते हैं। इसके साथ ही हमलों की संभावना को देखते हुए हम अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। इस्राइली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि इस्राइल ने ईरान की तरफ से किए गए हमले को रोक दिया है। आईडीएफ ने बताया कि ईरान की तरफ से करीबन 200 अलग-अलग प्रकार के ड्रोन दागे गए, जिसमें बैलिस्टिक ड्रोन और क्रूज ड्रोन भी शामिल हैं। हगारी ने आगे कहा, हमारे ड्रोन अभी भी हवा में लक्ष्य को भेद रहे हैं। हम इस्राइल पर आने वाले सभी खतरों के लिए तैयार हैं। हमें जो करना चाहिए हम वो सब करेंगे। इस्राइल की रक्षा के लिए हम सबकुछ करेंगे। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजी) ने शनिवार को बताया कि उसने इस्राइल की तरफ दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दागे। एक इस्राइली अधिकारी ने बताया कि करीबन 100 ड्रोन ईरान की तरफ से दागे गए हैं। रविवार को ऐसा मालूम हुआ कि कई मिसाइलों को इस्राइल और अमेरिका ने रोक लिया है।

ईरान की तरफ से इस्राइल के क्षेत्र में यह पहला हमला था। दोनों ही देश एक दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन कभी भी दोनों ने एक-दूसरे के क्षेत्र में हमले नहीं किए। लेकिन एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इसके बाद से ही ईरान लगातार इस्राइल को हमले की धमकी दे रहा है।

## 26 घंटे का होगा दिन, घड़ी में बजेंगे 13, मछली पकड़ने के लिए नॉर्वे ने बनाया अजीबोगरीब प्लान

**ओस्लो, एजेंसी।** अभी तक एक दिन में कुल 24 घंटे ही होते हैं, लेकिन आने वाले समय में इसमें बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल, नॉर्वे ने एक अजीबोगरीब प्लान बनाया है, जिसके तहत दिन में 26 घंटे करने की मांग की गई है। ऐसा इसलिए किया जा रहा, ताकि लोग अपने करीबियों के साथ ज्यादा वक्त बिता सकें या उन्हें मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों के लिए अधिक समय मिल सके। इतना ही नहीं, अब घड़ियों की अधिकतम संख्या 12 से बढ़ाकर 13 कर दी जाएगी। इस तरह आधा दिन 13 घंटों का होगा और पूरा 26 घंटों का।

ब्रिटिश न्यूज वेबसाइट द सन की रिपोर्ट के अनुसार, फिनमार्क काउंटी के सुदूर शहर वाडसो की मेयर ने यूरोपीय आयोग को प्रस्ताव भेजा है। वेन्चे पेडर्सन ने आयोग से आग्रह किया कि नॉर्वे को 24 के बजाय 26 घंटे के दिनों वाला एक समय क्षेत्र स्थापित करने में सक्षम बनाया जाए। उन्होंने बताया कि 26 घंटे का दिन लोगों को मछली पकड़ने, शिकार करने, नई भाषाएं सीखने या बस करीबियों के साथ रहने जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए अधिक समय देगा।

वाडसो शहर ने एक लेटर में कहा, हमारे मोरटाइम प्रोजेक्ट के जरिए से हमारा लक्ष्य जीवन के इस अनूठे तरीके का जश्न मनाना और उसे बढ़ावा देना है। पेडर्सन ने पोलिटिको को बताया, यहां



रहने के बारे में अच्छी बात क्या है? यह समय है। हम बसों के पीछे या ट्रेनों के पीछे नहीं भागते हैं या हमें काम आदि पर जाने के लिए लंबा समय नहीं लगाना पड़ता है। हम नॉर्वे के एक हिस्से में रहने से बहुत संतुष्ट हैं जहां हमें अपने दोस्तों, अपने परिवार और साथ रहने के लिए अधिक समय मिलता है। पेडर्सन ने आगे कहा, हमें अपनी लाइफस्टाइल पसंद है और हमें लगता है कि यह बहुत रोमांचक हो सकती है, खासकर छोटे बच्चों वाले परिवारों के लिए। मुझे लगता है कि उदाहरण के लिए किसी बड़े शहर की तुलना में यह अधिक शांत और बेहतर रोजमर्रा की जिंदगी है। लेकिन जब पूछा गया कि नया समय क्षेत्र व्यवहार में कैसे काम करेगा, तो मेयर बहुत आश्वस्त नहीं दिखीं। उन्होंने कहा, हमने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा है। उन्होंने कहा, घड़ी 12 से 13 बजे तक जाएगी... और हमें देखना होगा कि यह कैसे होगा। मुझे नहीं लगता कि वे हां कहने जा रहे हैं इसलिए हमने सभी डिटेल्स के बारे में नहीं सोचा है। बता दें कि नॉर्वे यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (ईईए) का एक घटक है, भले ही यह यूरोपीय यूनियन का सदस्य नहीं है। ग्रीष्मकालीन समय व्यवस्थाएं यूरोपीय संघ के विनियमन द्वारा शासित होती हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि इस निर्देश में अलग-अलग समय क्षेत्र स्थापित करने की शक्ति भी है या नहीं। आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, समय क्षेत्र एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि यूरोपीय संघ नॉर्वे के अनुरोध को स्वीकार करेगा या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी लद्दाख में सेना की नई डिवीजन तैनात करने का प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए भारतीय सेना नई डिवीजन बनाने की तैयारी में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्लान पर लंबे समय से काम चल रहा है, जिसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर बदलावों की कड़ी के तौर पर इस साल लागू किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है, जो पश्चिम बंगाल के पानागढ़ स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर के तहत काम करता रहा। मालूम हो कि सेना के एक डिवीजन में करीब 14,000 से 15,000 सैनिक होते हैं। बताया जा रहा है कि पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए नई भर्ती नहीं की जाएगी, बल्कि मौजूदा संरचनाओं से ही कर्मियों की पोस्टिंग की जाएगी। स्ट्राइक कोर कॉर्प्स आक्रामक सीमा पार कार्रवाइयों को अंजाम देते रहे हैं। इस समय सेना के पास 4 स्ट्राइक कोर हैं- मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। हालांकि, 2021 तक केवल 17 एमएससी चीन पर केंद्रित रहे। बाकी तीन कॉर्प्स का फोकस पाकिस्तान पर रहा। चीन के साथ सैन्य गतिरोध साल 2020 में गलवान झड़प के बाद फिर से बढ़ गया। इसे देखते हुए चीन के सामने वाले पहाड़ों को लेकर 2 स्ट्राइक कोर रखने के लिए 2021 में नई भर्ती हुई। ड्रैगन के खतरों से निपटने के लिए उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर फोकस करने के लिए 1 कोर व 17 कोर का पुनर्गठन किया गया। 2 इन्फैन्ट्री डिवीजनों के साथ चीन की उत्तरी सीमाओं पर नजर रखने के लिए 1 कोर की भूमिका बढ़ाई गई। वहीं, पूर्वी थिएटर पर ध्यान देने के लिए 17 कोर को एक अतिरिक्त डिवीजन दिया गया। इतना ही नहीं, चीन के साथ सैन्य गतिरोध के चलते 17 कोर के कुछ तत्वों को पूर्वी लद्दाख में भी तैनात किया गया।

### भाजपा ने जारी की लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट, पीएम मोदी समेत 40 नाम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरशोर से चल रहा है। इसी बीच भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट का ऐलान किया है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं। भाजपा ने गुजरात की विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंतरी अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात में पार्टी चीफ सीआर पाटिल और पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी का नाम स्टार प्रचारकों में शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी नाम स्टार प्रचारकों में शामिल है। बता दें कि भाजपा ने महाराष्ट्र में अपने स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को भी शामिल किया था। हालांकि चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद उनका नाम हटा दिया गया। दरअसल चुनाव आयोग ने कहा था कि किसी दूसरी पार्टी के नेताओं का नाम स्टार कैंपेनर्स में नहीं शामिल किया जा सकता है। दरअसल एनसीपी शरद पवार गुट ने भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की थी। इससे पहले 26 मार्च को 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शिंदे, पवार और रामदास अठावले के नाम शामिल थे। वहीं इस सूची में अब नितिन गडकरी, स्मृति इरनी, भारती पवार, अर्जुन मुंडा, भजनलाल शर्मा, के अन्नामलाई, मनोज तिवारी, विशणुदेव साई, भूपेंद्र पटेल, रत्नाकर, रजनीभाई पटेल, रिषिकेष भाई पटेल एलके जडेजा का नाम शामिल किया गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेता बुधवार सुबह संसद भवन पहुंचे और डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत दूसरे नेताओं ने भी बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# चुनाव मैदान से बाहर इन विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर, होगी जनाधार की परख

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के चुनावी महाभारत में कई विधायकों की प्रतिष्ठा का भी इम्तहान होना है। इन विधायकों के सगे रिश्तेदार चुनाव मैदान में कूद पड़े हैं और उनकी जीत सुनिश्चित करने में बेटों, भाई, पत्नी व चाचा को भी चुनाव में जूझना पड़ रहा है। यह विधायक भले ही खुद चुनाव न लड़ रहे हों, लेकिन इस चुनाव के जरिए उनकी लोकप्रियता का भी इम्तहान होना है।



**पंकज मलिक विधायक- चरथावल :** पंकज मलिक मुजफ़्फ़रनगर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली चरथावल सीट से समाजवादी पार्टी विधायक हैं। उनके पिता हरेंद्र मलिक सपा प्रत्याशी के तौर पर इसी मुजफ़्फ़नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी हैं।

**नाहिद हसन विधायक- कैराना :** नाहिद हसन की बहन इकरा हसन को सपा ने कैराना लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। अब बहन को जिताने के लिए नाहिद हसन खासी मशक्कत कर रहे हैं। वह खुद कैराना विधानसभा सीट से सपा को कितनी बढ़त दिला पाते हैं, चुनाव नतीजों में इसकी भी परख होगी।

**राम अवतार सैनी विधायक- नूरपुर :** राम अवतार नूरपुर से सपा विधायक हैं। यह सीट नगीना लोकसभा में और बिजनौर जिले में आती है। उनका बेटा दीपक सैनी को सपा ने बिजनौर लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। वैसे तो नूरपुर बिजनौर लोकसभा में नहीं आता है, फिर भी पिता के राजनीतिक रसूख का इम्तहान तो होना ही है। इसलिए वह भी प्रचार में जी जान से जुटे हैं।

**शिवपाल विधायक- जसवंत नगर :** शिवपाल यादव विधायक जसवंतनगर से हैं। पर उनके राजनीतिक कौशल की परीक्षा बदायूं में होनी हैं। जहां उन्होंने अपने बेटे आदित्य यादव को चुनाव में उतारने की तैयारी कर ली है। आदित्य यादव जल्द बदायूं से नामांकन करेंगे। शिवपाल यादव के लिए यह सीट पर सपा की विजय उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ गई है। क्योंकि शिवपाल यादव ने यहां अपना टिकट बेटे के हवाले करने का निर्णय लिया।

**अखिलेश यादव - करहल :** यूं तो अखिलेश यादव के लिए पूरी सपा को कामयाबी दिलाने की जिम्मेदारी है और इंडिया गठबंधन की कमान भी उनके हाथ में हैं। ऐसे में हाथ में होने के कारण उसे अधिक से अधिक सीटे दिलाने का काम भी है। फिर भी मैनपुरी में करहल विधानसभा सीट पर सपा को बढ़त से पता चलेगा कि अखिलेश यादव का वहां कितना असर बरकरार है। मैनपुरी में सपा ने अपनी मौजूदा सांसद डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है। अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने मैनपुरी उपचुनाव में यह सीट भाजपा को हरा कर जीती थी। अखिलेश यादव खुद लड़ेंगे या नहीं इसको लेकर संशय है।

**जयदेवी विधायक -मलिहाबाद :** भाजपा ने केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को मोहनलालगंज सीट से एक बार फिर उतारा है। इसी मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में मलिहाबाद विधानसभा सीट आती है। यहां से भाजपा विधायक कौशल किशोर की पत्नी जयदेवी हैं। अब जयदेवी के लिए यह संसदीय चुनाव खासा अहम है। उनका मलिहाबाद क्षेत्र कौशल किशोर के चुनाव में कितनी बढ़ता दिलाता है इस पर सबकी निगाहें रहेंगी।

**इंद्रजीत सरोज विधायक - मंझनपुर :** इंद्रजीत सरोज से इलाहाबाद की मंझनपुर सीट से सपा विधायक हैं। अखिलेश यादव ने अब उनके बेटे को कौशांबी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। इंद्रजीत सरोज अगर अपने बेटे को जिताने में कामयाब हुए तो पुष्पेंद्र सरोज सबसे कम उम्र के सांसद होंगे। पिछले महीने ही उन्होंने 25 साल पूरे किए हैं।

**ओम प्रकाश राजभर- विधायक जहूराबाद :** योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर जहूराबाद सीट से विधायक हैं जो बलिया लोकसभा क्षेत्र में आती है। उनका बेटा अरविंद राजभर भाजपा सुभासपा गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर घोसी से मैदान में है। वैसे घोसी व बलिया मिला जुला इलाका है। ऐसे में ओम प्रकाश राजभर के खुद के असर की भी परीक्षा होनी है। दिलचस्प यह कि घोसी में सुभासपा के अब्बास अंसारी मऊ से विधायक हैं और मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के सगे चाचा अफजाल अंसारी घोसी से सपा प्रत्याशी हैं।

## शिमला सीट पर कांग्रेस का दबदबा, केडी सुल्तानपुरी के नाम रिकॉर्ड

**शिमला, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस हाईकमान ने सबको चौंकाते हुए दोनों सिटिंग विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। इनमें कैबिनेट मंत्री हैं तो दूसरे सिटिंग एमएलए हैं। मंडी लोकसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार होंगे जबकि शिमला लोकसभा सीट पर मौजूदा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उतारा गया है। इस रिपोर्ट में जानें कौन हैं विनोद सुल्तानपुरी जिन्हें पार्टी ने दिया है मौका...



**सियासी परिवार से आते हैं विनोद सुल्तानपुरी :** 42 वर्षीय विनोद सुल्तानपुरी शिमला संसदीय क्षेत्र के सोलन जिला के कसौली से विधायक हैं। वह पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होगा। विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के नाम शिमला लोकसभा सीट पर लगातार छह बार कांग्रेस सांसद बनने का रिकॉर्ड है।

**शिमला सीट पर रोचक होगी चुनावी जंग :** कांग्रेस ने विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर शिमला लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। साथ ही संदेश देने की कोशिश की है कि उसकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस की फिल्डिंग से साफ है कि शिमला सीट पर अब उसका भाजपा के साथ कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। ज्यादातर यहां से कांग्रेस जीतती रही है। पिछले 10 वर्षों से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित बिनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी ने इस लोकसभा सीट पर ऐसा दुर्ग बनाया जिसे उनके चुनाव मैदान में रहते कोई भेद नहीं पाया। वह लगातार छह बार यहां से विजयी रहे। उनके लगातार जीत के रिकार्ड को कोई नहीं तोड़ पाया है।

**कैसा रहा है शिमला सीट का इतिहास :** केडी सुल्तानपुरी के चुनाव मैदान से हट जाने के बाद ही भाजपा शिमला संसदीय सीट पर अपना झंडा लहरा पाई। वह 1980, 1984, 1989, 1991, 1996 और 1998 में यहां से विजयी हुए थे। लगातार छह लोकसभा चुनाव जीतने वाली कांग्रेस 13वें लोकसभा चुनाव में इस दुर्ग को बचा नहीं पाई। वर्ष 1999 में केडी सुल्तानपुरी ने चुनाव नहीं लड़ा। उस दौरान हिमाचल विकास कांग्रेस के सिपाही धनीराम शांडिल ने कांग्रेस के इस दुर्ग को भेदा था।

## देर रात झोपड़ी में लगी आग, अंदर सो रहे तीन मासूम जिंदा जले

**अंबिकापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में एक दर्दनाक हादसे में तीन मासूम बच्चों के मौत की खबर सामने आ रही है। अंबिकापुर के मैनपाट में देर रात एक घर में आग लगने से तीन मासूम बच्चे जिंदा जल गए हैं। जानकारी के मुताबिक जिस वक्त यह घटना घटी उस समय बच्चों के पिता व उसकी मां घर पर मौजूद नहीं थे। वही इस पूरी घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। यह पूरा मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। यह घटना मैनपाट क्षेत्र के बरिमा की बताई जा रही है। जहां बीती रात एक घर में आग लगने से अंदर सो रहे तीन मासूम बच्चों की जलकर मौत हो गई है। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल आग किन कारणों से लगी है यह पता नहीं चल सका है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि घर में जल रही चिमनी की वजह से झोपड़ी में आग लगी होगी। बतादे कि यह पीड़ित परिवार माझी जनजाति समाज का बताया जा रहा है। आग लगने की घटना के बाद पुलिस को मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बरिमा में माँझी बस्ती है। यहां देव प्रसाद और सुधनी माँझी झोपड़ी में रहते थे। बताया जा रहा है कि बच्चों का पिता देव प्रसाद पुणे में काम करता है, और इस वक्त भी पुणे में है। घर पर देव की पत्नी सुगनी, उनकी दो बेटियाँ आठ वर्षीया कुमारी गुलाबी, कुमारी सुषमा और एक लड़का 2 वर्षीय रामप्रसाद के साथ रह रही थे।

# रामलला की आंखें मैंने नहीं बनाई, बल्कि भगवान राम ने मुझसे बनवाई है: अरुण योगीराज

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। मंदिर में स्थापित रामलला की मूर्ति को जिसने भी पहली बार देखा, वह उसे देखते ही रह गया। इस मूर्ति को प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। मूर्ति देखने के बाद सबसे ज्यादा लोग रामलला की आंखों को लेकर सवाल करते हैं। अरुण योगीराज ने एक इंटरव्यू में बताया कि मैंने नहीं बनाया, बल्कि भगवान राम ने मुझसे बनवाया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए मूर्तिकार अरुण योगीराज ने कहा, मुझसे ज्यादातर सवाल रामलला की आंखों के बारे में पूछे जाते हैं। हर कोई खुश है और भगवान राम जीवित महसूस करते हैं। लोग मुझसे पूछते हैं कि मैंने यह कैसे किया? इस पर मेरा जवाब है कि मैंने नहीं बनाया। भगवान राम ने बनाया है। लोगों के ज्यादातर सवाल रामलला की आंखों को लेकर ही किए जाते हैं। योगीराज ने बताया





कि उनके स्टाफ का कहना है कि रामलला को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे वे हमसे बात करने वाले हैं। अरुण योगीराज ने बताया था कि उन्होंने सिर्फ सात महीनों में रामलला की मूर्ति बनाई थी। वहीं, भगवान की आंखें बनाने से पहले वे गुरुदेव गणेश आचार्य से मिले थे। आंखें बनाने के लिए उन्हें सिर्फ 20 मिनट की ही जरूरत होती है। इंडिया टुडे से बात करते हुए योगीराज ने कहा था, जब मैं गुरुदेव से मिला तो उन्होंने मुझे कहा कि अगर आंखों को बनाओ तो सबसे पहले अयोध्या की सरयू नदी में जाकर स्नान करो और फिर हनुमान जी का आशीर्वाद लो। कनक भवन में पूजा पाठ करने के बाद ही आंखें बनाना।

**मूर्तिकार ने सुनाई थी बंदर की कहानी :** अरुण योगीराज ने कुछ समय पहले रामलला की मूर्ति के बारे में बात करते हुए एक बंदर की भी कहानी सुनाई थी। उन्होंने कहा था कि जब वे मूर्ति को तैयार कर रहे थे, तब रोजाना शाम को उनके पास एक बंदर आता था और मूर्ति को देखकर चला जाता था। वहीं, जब ठंड से बचने के लिए योगीराज ने तिरपाल लगा लिया तब भी बंदर का आना नहीं रुका। वह उस तिरपाल को हटाकर अंदर मूर्ति को देखने के लिए आ जाता था। अरुण योगीराज ने उस बंदर के बारे में राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों को भी जानकारी दी थी।

# सत्ता संग्राम: छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सामने भाजपा का किला भेदने की चुनौती

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। विधानसभा चुनाव में चोट खाई कांग्रेस यहां अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए पूरा जोर लगा रही है। कांग्रेस ने राजनांदगांव सहित तीन-चार सीटों पर जबर्दस्त मुकाबले का माहौल बनाया है। कांग्रेस अपनी गारंटी से ज्यादा विक्टिम कार्ड और जातीय समीकरणों के भरोसे मैदान में है। कांग्रेस की कोशिश भाजपा के किलों को भेद कर अपना प्रदर्शन सुधारने की है। उधर, राज्य में सरकार बनाने के बाद उत्साहित भाजपा इस बार सभी 11 सीटों पर जीत का लक्ष्य तय कर मैदान में है।

चुनाव प्रचार में दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सरकार में शुरू गई योजनाओं का लाभ अब राज्य के लोगों को नहीं मिलने और एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला उठाकर राजनांदगांव में अपनी सीट के अलावा अन्य सीटों पर भी पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। हाल में कथित शराब घोटाले को लेकर कोर्ट से मिली कुछ राहत के बाद कांग्रेस बता रही है कि कैसे भाजपा ने विधानसभा चुनावों में लोगों को गुमराह कर



ऐसे घोटाले के नाम पर वोट लिया जो हुआ ही नहीं। जबकि भाजपा अभी भी कांग्रेस राज के कथित भ्रष्टाचार गिना रही है। इस चुनाव में अमित जोगी और आम आदमी पार्टी का फैक्टर जमीन पर नहीं दिख रहा है। बसपा की मौजूदगी महज दो सीटों पर है। ऐसे में मुख्य मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा ही है।

**राज्य गठन के बाद लोकसभा चुनावों में भाजपा का पलड़ा भारी :** लगभग ढाई दशक पहले आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद अगर लोकसभा चुनाव का इतिहास देखें तो यहां हर चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी रहा है। 2004 के आम चुनाव से लेकर 2014 तक सभी तीनों चुनाव में राज्य की 11 सीटों में से 10 सीटों पर बीजेपी जीतती रही है। 2019 के चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने प्रदर्शन सुधारते हुए दो लोकसभा सीटें जीतीं। कांग्रेस को कोरबा और बस्तर से जीत का रास्ता मिला। राज्य की छह लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आजतक बीजेपी कभी नहीं हारी। भाजपा का गढ़ कही जाने वाली सीटों में रायपुर, कांकेर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा और राजनांदगांव शामिल हैं। मौजूदा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों की निगाहें इन सीटों पर है। भाजपा अपने मजबूत किलों को बचाए रखने के साथ-साथ राज्य में कांग्रेस को खाता नहीं खोलने देने का दावा कर रही है। बीजेपी पीएम मोदी के नाम और काम पर लोगों से वोट मांग रही है तो वहीं कांग्रेस यहां अभी भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की अगुवाई में चुनाव लड़ती दिख रही है। कांग्रेस ने अपने मौजूदा दो सांसदों में एक का टिकट काट दिया, जबकि कोरबा से वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत को फिर प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने बस्तर से मौजूदा सांसद दीपक बैज की जगह कवासी लखमा को उतारा है।

## यदि नरेंद्र मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता: राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे महायुति गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और राज्य में 19 अप्रैल एवं 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। राज ठाकरे ने कहा, यदि नरेन्द्र मोदी (केंद्र की सत्ता में) नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह लंबित मुद्दा बना रहता। नवंबर, 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राममंदिर के निर्माण की कानूनी बाधा दूर कर दी थी। इस साल 22 जनवरी को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। राज ठाकरे ने कहा कि राममंदिर के निर्माण का मामला 1992 से लंबित था जब बाबरी मस्जिद गिरायी गयी थी। भाजपा को मनसे के समर्थन पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, कुछ ऐसी अच्छी बाते हैं, जिनकी सराहना करने की जरूरत है। एक तरफ, एक अक्षम (नेतृत्व) है और दूसरी तरफ, मजबूत नेतृत्व है। इसलिए हमने नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के बारे में सोचा।

पीएम मोदी के प्रति उनके समर्थन में खामियां ढूढ़ने को लेकर अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पर पलटवार करते हुए मनसे प्रमुख ने कहा कि उनकी आखों में पीलिया हो गया है। राज ठाकरे ने कहा कि मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने तथा राज्य में किलों की मरम्मत समेत महाराष्ट्र को लेकर उनकी कुछ मांगें हैं जिनके बारे में भाजपा को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि गुजरात मोदी को प्रिय है क्योंकि वह वहां से आते हैं, लेकिन उन्हें उसी तरह से अन्य राज्यों पर भी ध्यान देना चाहिए।

# घोसी के रण में ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा, टिकीं सबकी निगाहें

**घोसी, एजेंसी।** यूपी की हॉट सीटों की बात करें तो घोसी भी उनमें शामिल हो गई है। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद के चुनाव मैदान में होने और इस सीट पर विपक्ष द्वारा बुने सियासी ताने-बाने ने इसे खास बना दिया है। ऐसे में सबकी निगाहें घोसी के चुनावी संग्राम पर टिक गई हैं। घोसी के रण में ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा है। बेटे को सांसद बनाने के लिए उन्हें भाजपाइयों को साधना है। पिछड़े वोटों में बिखराव रोकना है। मुख्तार अंसारी फैक्टर से निपटना है। वहीं दारा सिंह चौहान की पहलवानी का फैसला भी इसी अखाड़े में होना है। घोसी का मैदान भाजपा के लिए कभी मुफीद नहीं रहा। सिर्फ 2014 की मोदी लहर को छोड़ दें तो भाजपा को इस सीट पर कभी सफलता नहीं मिली। शायद यही सोचकर भाजपा ने समझौते में यह सीट अपने सहयोगी सुभासपा को दे दी। पूर्वी यूपी के राजभर वोटों पर दावेदारी करने वाले ओमप्रकाश राजभर ने अपने बेटे को संसद भेजने के लिए इसे सबसे मुफीद समय माना। मगर शायद तब उन्हें अंदाजा न रहा हो कि उनका बड़बोलापन कैसे उनके बेटे की राह मुश्किल कर देगा। 2022 के चुनाव में भाजपाइयों को निशाने पर रखने वाले राजभर के भगवा खेमे के कार्यकर्ता पूरे दमखम से जुटने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में



ओमप्रकाश राजभर को अपना अधिकांश समय घोसी में ही देना पड़ रहा है। भाजपा के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक वे गुहार लगा चुके हैं कि सबके जुटे बिना नैया पार नहीं होगी।

**सपा-बसपा का चक्रव्यूह तोड़ने की चुनौती :** दरअसल सपा और बसपा ने भी इस सीट पर राजभर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। घोसी विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सपा के हौंसले बुलंद हैं। समाजवादी पार्टी ने राजीव राय पर दांव लगाकर अगड़ों को साधने का प्रयास किया है। वहीं रही-सही कसर बसपा सुप्रीमो मायावती ने पूरी कर दी है। उन्होंने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाकर पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव की पटकथा लिख दी है। बालकृष्ण चौहान के आने से इस सीट पर रोमांचक त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है। अब देखना दिलचस्प होगा कि सुभासपा प्रमुख कैसे इस चक्रव्यूह को भेदकर बेटे की जीत की राह प्रशस्त करते हैं।

**मुख्तार फैक्टर से भी निपटना होगा :** ओमप्रकाश राजभर के रणनीतिक कौशल का इम्तिहान यहीं खत्म नहीं होता। यह सीट हाल ही में बांदा जेल में मरने वाले मुख्तार अंसारी के परिवार के प्रभाव वाली मानी जाती है। खुद मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा से ही विधायक हैं। मगर अब ओमप्रकाश राजभर भाजपा के साथ हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि एनडीए में रहते हुए राजभर अपने बेटे के मुख्तार परिवार का रुख क्या होगा। क्या सुभासपा विधायक अब्बास इस सीट पर अरविंद राजभर के राजतिलक में मददगार होंगे? घोसी के अखाड़े में दारा सिंह चौहान की पहलवानी का भी इम्तिहान होना है। नोनिया वोटों पर पकड़ मजबूत करने के नाम पर भाजपा ने घोसी विधानसभा उपचुनाव में हार के बावजूद दारा सिंह चौहान को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया है। घोसी उपचुनाव में दारा सिंह के लिए ओमप्रकाश राजभर ने भी पूरा दमखम लगाया था मगर बात नहीं बन पाई थी। अब बसपा द्वारा पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारने के बाद सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि दारा सिंह अपने सजातीय वोटों में बिखराव रोकने और उन्हें अरविंद राजभर को दिलाने में कितना सफल हो पाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा...**

## ईरान के इजरायल पर हमले के बीच फंस गए थे केविन पीटरसन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ शनिवार को एक डरावनी घटना हुई। उनकी फ्लाइट को रास्ते में रोकना पड़ा। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि



ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं, जिसकी वजह से उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ज्यादा ईंधन भरवाना पड़ा। ऐसा लगता है कि यह घटना उस वक्त हुई जब वह आईपीएल के मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के मैच के लिए मुंबई लौट रहे थे।

**पीटरसन ने बताया अपना अनुभव-** केविन पीटरसन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि फ्यूल लेने के लिए उनकी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा। साउथ अफ्रीका में जन्मे पीटरसन ने लिखा, अभी तक ऐसा कभी नहीं हुआ। रात को हमारी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा और ज्यादा फ्यूल भरवाना पड़ा क्योंकि ईरान की मिसाइलों से बचने के लिए हमें रास्ता बदलना पड़ा। खैर, अब मैं मुंबई में हूं और बाद में वानखेड़े स्टेडियम जाऊंगा। ये मेरे पसंदीदा क्रिकेट मैदानों में से एक है। आईपीएल 2024 की शुरुआत में केविन पीटरसन कॉमेंट्री कर रहे थे। लेकिन इस महीने की शुरुआत में वह इंग्लैंड वापस चले गए थे। अपने परिवार के साथ करीब दो हफ्ते बिताने के बाद वह एक बार फिर वापस लौटे हैं।

## हर कोई पृथ्वी शॉ के प्रदर्शन में निरंतरता देखना चाहता है : माइकल क्लार्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतर होने की जरूरत है क्योंकि हर कोई चाहता है कि वह शीर्ष क्रम पर टीम के लिए स्थिर रहें. आईपीएल 2024 की अपनी चार पारियों में, शॉ ने 157.29 की स्ट्राइक-रेट से 151 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 66 रन का उच्चतम स्कोर है.



शुक्रवार शाम को लखनऊ में, शॉ ने 22 गेंदों में 32 रनों की तेज़ पारी खेली, जिससे डीसी को आईपीएल 2024 सीज़न की दूसरी जीत हासिल करने के लिए 168 रनों का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद मिली. उन्होंने कहा, देखिए, मुझे लगता है कि उनके दोबारा टीम में वापस आने से डेव वार्नर को मदद मिलेगी या फ्रेज़र मैकगर्क के टीम में आने से उन्हें मदद मिलेगी. दोनों बॉउंड्री की तलाश में थे. आप जानते हैं, उस प्रतियोगिता का थोड़ा सा भी स्तर. यदि आप चौका मार सकते हैं, तो मैं छक्का मारूंगा. 'क्रिकेट लाइव' शो में क्लार्क ने कहा, तो, मुझे लगता है कि पृथ्वी शॉ एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है. इसके बारे में कोई संदेह नहीं है. हर कोई उसे और अधिक सुसंगत देखना चाहता है. मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेलता है वह हमें पसंद है।

# दीपेंद्र सिंह टी20 में 6 गेंद में 6 सिक्स जड़े

**नेपाली बैटर ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज, कतर के खिलाफ बनाए नाबाद 64 रन**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेपाल के बैटर दीपेंद्र सिंह एरी ने कतर के खिलाफ एसीसी प्रीमियर कप के 7वें मैच में 6 गेंद में 6 सिक्स लगाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले साल 2007 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं कायरन पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

### दीपेंद्र सिंह 21 गेंदों पर 64 रन बना कर रहे नाबाद

दीपेंद्र ने नेपाल के लिए 5वें नंबर पर बैटिंग करते हुए 21 गेंद पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे। दीपेंद्र 20 वें ओवर से पहले 15 गेंद में 28 बनाकर खेल रहे थे और नेपाल का स्कोर 7 विकेट पर 174 रन था। कतर की ओर से आखिरी ओवर कमरान खान करने आए। दीपेंद्र ने सभी 6 गेंदों पर छक्का जड़कर अपना स्कोर 28 से 64 किया। वहीं नेपाल का स्कोर भी 200 के पार पहुंचा दिया। दीपेंद्र ने अपनी पारी के दौरान 7 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उनकी इस दमदार पारी के बौदलत ही नेपाल ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

### दीपेंद्र टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज भी

दीपेंद्र टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंद में फिफ्टी ठोक दी थी। उनसे पहले टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड भारत के बैटर युवराज सिंह के नाम था। युवराज सिंह ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान 12 गेंद में अपना 50 रन पूरा किया था।

### दीपेंद्र ने टी-20 में 143.70 की स्ट्राइक रेट से बनाया है रन

24 साल के दीपेंद्र नेपाल के लिए 55 वनडे और 59 टी-20 मैच खेल चुके हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 3 फिफ्टी और एक शतक के साथ 896 रन बनाए हैं, जबकि टी-20 क्रिकेट में दीपेंद्र ने 143.70 के स्ट्राइक रेट से 1496 रन बना चुके हैं। इस फॉर्मेट में भी उन्होंने एक शतक लगाया है।

**एशियन चैम्पियनशीप**

# भारतीय महिला पहलवानों का जलवा, राधिका को मिला रजत, शिवानी को कांस्य पदक

**बिश्केक, एजेंसी।** पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने जलवा बिखेरा। राधिका ने 68 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैंपियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है।



### राधिका ने 2022 में भी जीता था रजत

पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को मात दी। हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

### क्वार्टर फाइनल में मिली हार के बाद शिवानी ने की वापसी

भारत की एक अन्य पहलवान शिवानी पवार को 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गई थी, लेकिन चीन की इस पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने रेपचेज के जरिये कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं, 55 किग्रा वर्ग में तमन्ना को क्वलीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9-0 से हराया, लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से तमन्ना भी पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और रेपचेज राउंड में उन्हें चीन की मिन यांग से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

### अन्य भारतीय पहलवानों को मिली हार

भारत के पास रेपचेज के जरिये अन्य वर्गों में पदक हासिल करने का मौका था, लेकिन अन्य पहलवान इस मौके का फायदा नहीं उठा सके। पुष्पा यादव (59 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) भी उन्हें हराने वाली पहलवानों के फाइनल में पहुंचने से पदक की दौड़ में शामिल हो गई थीं, लेकिन इन दोनों भारतीय पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा और वे पदक जीतने में नाकाम रहीं। कांस्य पदक के प्लेऑफ में पुष्पा को कजाखस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को भी कजाखस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने मात दी।

# शिखर धवन कब तक हुए आईपीएल 2024 से बाहर?

**संजय बांगर ने दिया बड़ा अपडेट, पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के बीच पंजाब किंग्स के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन चोट के चलते 7 से 10 के लिए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। गब्बर के टूर्नामेंट से बाहर होने की जानकारी कोच संजय बांगर ने पीबीकेएस वर्सेस आरआर मैच के बाद दी है।



इस मैच में धवन के जगह सैम कुर्रन ने टीम की कमान संभाली थी और राजस्थान रॉयल्स ने यह मैच 3 विकेट से अपने नाम किया था। संजय बांगर ने बताया कि धवन को कंधे में चोट लगी है जिस वजह से वह कुछ मैच मिस करेंगे।

शिखर धवन अगर एक हफ्ते के लिए बाहर होते हैं तो वह कम से कम दो मुकाबले मिस करेंगे। पंजाब किंग्स का अगला मैच मुंबई इंडियंस से 18 अप्रैल को है, वहीं गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम 21 अप्रैल को मैदान पर उतरेगी। अगर धवन की इंजरी लंबी चलती है तो वह 26 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाला मैच भी मिस कर सकते हैं। यह पंजाब किंग्स के लिए बहुत बड़ा झटका है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय बांगर ने कहा उनके कंधे में चोट है, इसलिए उनके कम से कम कुछ दिनों तक बाहर रहने की संभावना है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज के साथ शिखर जैसा खिलाड़ी, जिसके पास ऐसे विकेटों पर खेलने का अनुभव है, उनका रहना काफी अहम हो जाता है।

# आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड

**अब तक आईपीएल में 17 सालों में नहीं कर पाया ऐसा कोई भी खिलाड़ी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन में पंजाब किंग्स के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं रहा है, जिसमें टीम को 6 में से 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी पंजाब किंग्स को 3 विकेट से करीबी हार मिली। इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान ने टारगेट का पीछा 19.5 ओवरों में कर लिया। पंजाब किंग्स टीम के बल्लेबाजों की तरफ से इस मैच में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया।



**मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक**

# क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया ( 51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन ( 57 किलो ) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा ( 63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया ( 60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है । भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा । विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया ( 51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन ( 57 किलो) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा ( 63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया ( 60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व



चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है। राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच ( 57 किलो ) को भी टीम में जगह मिली है । हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63 . 5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है । अभी तक निकहत जरीन ( 50 किलो ), प्रीति पंवार ( 54 किलो ) परवीन हुड्डा ( 57 किलो ) और लवलीना बोरगोहेन ( 75 किलो ) ही ओलंपिक कोटा हासिल कर सकी हैं। महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो इटली में 66 किलो में कोटा हासिल नहीं कर सकी जो 60 किलो में उतरेंगी ।

टीम-पुरूषः अमित पंघाल ( 51 किलो ), सचिन सिवाच जूनियर ( 57 किलो ), अबिनाश जामवाल ( 63.5 किलो ), निशांत देव ( 71 किलो ), अभिमन्यु लाउरा ( 80 किलो ), संजीत ( 92 किलो ) और नरेंदर बरवाल ( प्लस 92 किलो )

महिला : अंकुशिता बोरो ( 60 किलो ), अरूंधति चौधरी ( 66 किलो ) ।



# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?

**सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफेन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं? उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो उस



डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके. कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा. 2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं. मौजूदा सीज़न में दुबे के नाम पांच पारियों में 176 रन हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है. फ्लेमिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत सारा काम किया गया, उन्हें उस भूमिका में लाया गया और नियमों में बदलाव को हमारे फायदे के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई. पिछले साल उन्होंने मानसिक रूप से इस बात पर बहुत काम किया कि वह कैसा दिखेगा, और फिर यह अवसर के बारे में था. हमें उसकी क्षमता का एहसास करने में कितना समय लगेगा. पिंच हिटर के रूप में दुबे की क्षमता पर जोर देते हुए, पूर्व कीवी कप्तान ने कहा, स्पिन और सीम गेंदबाजी दोनों से वह जो शक्ति उत्पन्न कर सकता है वह काफी अद्वितीय है. जब वह इस तरह की फॉर्म में होता है तो बीच के ओवरों में वह हमारे लिए असली हथियार होता है.

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की मांग बढ़ने से सरकार ने सभी गैस आधारित प्लांट को दो महीने चालू रखने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी (अप्रैल से जून 2024) में 260 गीगावाट अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। बयान के अनुसार, गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत सरकार के निर्देश पर एक उत्पादन कंपनी असाधारण परिस्थितियों में किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रख-रखाव कर सकती है।

### 200 पर जाएगा टाटा स्टील का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप भी टाटा ग्रुप के किसी शेयर पर दांव लगाना चाह रहे हैं तो आपके लिए यह काम की खबर हो सकती है। टाटा ग्रुप की स्टील कंपनी टाटा स्टील के शेयर पर एक नहीं, दो नहीं बल्कि चार-चार ब्रोकरेज फर्म बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज के मुताबिक, टाटा स्टील का शेयर जल्द ही 200 रुपये पर जा सकता है। बता दें कि बीते शुक्रवार को टाटा स्टील के शेयर 1 पर्सेंट की गिरावट के साथ 163.50 रुपये पर बंद हुए थे। बीएसई पर इसका 52 वीक का हाई प्राइस 169.75 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2,04,104.29 करोड़ रुपये है। चार एनालिस्ट टाटा समूह के मेटल स्टॉक टाटा स्टील लिमिटेड को लेकर बुलिश हैं और उन्होंने 200 रुपये के हाई टारगेट प्राइस के साथ इस शेयर को खरीदने और जमा करके रखने की सिफारिश की है। टाटा स्टील को 3 खरीदने की सलाह दी है और एक ने इसे होल्ड रखने की सलाह दी है। प्रभुदास लीलाधर ने 170 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ टाटा स्टील के शेयर के लिए एक्यूमुलेट कॉल की सिफारिश की है। जेफरीज ने टाटा स्टील के शेयर पर बाय की सलाह दी है और टारगेट प्राइस को बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया है, जो कि पहले 165 रुपये था। अमेरिका और चीन समेत ग्लोबल मैन्युफैक्चरर एक्टिविटिज में लेटेस्ट रिवाइवल के बाद जेफरीज भारत के मेटल कंपनियों को लेकर उत्साहित है। इस बीच, एक्सिस सिक्योरिटीज ने टाटा स्टील के शेयरों पर 167-177 रुपये प्रति शेयर का टारगेट प्राइस रखा है और बाय रेटिंग दी है। रेलिगेयर ने 177 रुपये के टारगेट के साथ खरीदारी की सलाह दी है। रेलिगेयर ने कहा, हम मेटल पैक में नए सिरे से खरीदारी की दिलचस्पी देख रहे हैं और टाटा स्टील आगे चल रही है। टाटा स्टील के शेयरों में 1 साल में जबरदस्त रिटर्न देखने को मिला है। पिछले 1 साल में स्टॉक ने 51.95 प्रतिशत का रिटर्न दिया। टाटा स्टील के शेयरों ने पिछले 1 महीने में 7 प्रतिशत का रिटर्न दिया, पिछले 1 महीने में 30 प्रतिशत बढ़ गया। पिछले 1 साल में 51.95 प्रतिशत बढ़ गया, और पिछले 3 साल में 92 प्रतिशत बढ़ गया है। पिछले 5 सालों में टाटा स्टील के शेयर 206 प्रतिशत चढ़ गए हैं। बीएसई पर टाटा स्टील स्टॉक का 52-सप्ताह का हाई प्राइस 169.75 रुपये और 52-सप्ताह वीक का लो प्राइस 104.10 रुपये है।

# डायमंड हाउस में रहते हैं मेघा इंजीनियरिंग के मालिक पीपी रेड्डी, खड़ा किया हजारों करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनावी बॉन्ड योजना में सबसे ज्यादा डोनेशन देने वालों की लस्टि में दूसरे स्थान पर रही मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंगऐंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कंपनी पर आरोप है कि उसने बिलों के भुगतान के लिए कथित तौर पर रिश्वत दी है। मेघा इंजीनियरिंग वही कंपनी है जिसने भारतीय जनता पार्टी को 586 करोड़ का चंदा दिया था। बीजेपी के अलावा इसने बीआरएस, डीएमके समेत कई पार्टियों को करोड़ो का दान दिया है। चुनाव आयोग के 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग ने भाजपा को सबसे अधिक लगभग 586





करोड़ रुपये का चंदा दिया था। इस कंपनी के मालिक पीपी रेड्डी हैं। पीपी रेड्डी देश के अरबपति कारोबारियों की लिस्ट में शामिल हैं वह एक किसान परिवार से आते हैं।

### करोड़ों की संपत्ति

पीपी रेड्डी ने महज 5 लाख रुपये की पूंजी के साथ हैदराबाद के बालानगर में एक शेड से मेघा इंजीनियरिंग एंटरप्राइजेज के नाम से कंपनी शुरू की थी। उन्होंने नगर पालिकाओं के लिए पाइप बनाए। उनके भतीजे दो साल बाद कंपनी में शामिल हो गए थे। इसके बाद दोनों लोग धीरे-धीरे सड़कों के निर्माण और छोटे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में काम में लग गए। साल 2006 में कंपनी का नाम बदलकर, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कर दिया गया था। फोर्ब्स के मुताबिक, पीपी रेड्डी की नेटवर्थ करीब 19,230 करोड़ रुपये है।

### डायमंड हाउस

पीपी रेड्डी हैदराबाद के रिहायसी इलाके में 'डायमंड शेप' वाले घर में रहते हैं। उनका घर डायमंड की तरह दिखता है। अब उनका घर शहर की ऐतिहासिक जगहों में शुमार है। पीपी रेड्डी के फार्महाउस में एक गोल्फ कोर्स भी है। मेघा कंपनी की सबसे पॉपुलर परियोजनाओं ज़ोजिला सुरंग का निर्माण है, यह कश्मीर के गांदरबल और कारगिल के द्रास के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करती है। इसके प्रोजेक्ट की लागत करीब 25,000 करोड़ रुपये है।

## म्यांमार से दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को सरल बनाया गया: सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।


## गोल्डमैन सॉक्स का चौंकाने वाला खुलासा: दुनिया पर राज करेंगे भारत, चीन व पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीने से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2047 तक भारत के विकसित होने की बात कर रहे हैं। इस टारगैट पर देश 2047 तक पहुंच भी जाएगा। इस बात में कोई शक भी नहीं है। अगले दो साल में देश की इकोनॉमी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इस अचीवमैंट को भी भारत आसानी से हासिल कर लेगा लेकिन क्या कभी पाकिस्तान दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हो सकेगा क्या चीन कभी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बन पाएगा क्या एशिया के ये तीनों देश दुनिया की इकोनॉमी पर राज कर सकेंगे ये तीनों ही सवाल काफी बड़े हैं।

ऐसा नहीं है कि ये संभव नहीं हो सकेगा। दुनिया की बड़ी इंवैस्टमैंट फर्म गोल्डमैन सॉक्स का अनुमान है कि चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा और दूसरे नंबर पर भारत का नाम होगा। साथ ही पाकिस्तान टॉप 10 इकोनॉमी में दिखाई देगा। दूसरी ओर कभी आधी से ज्यादा दुनिया पर राज करने वाला यू.के. और एशिया की दूसरी सबसे बड़ी महाशक्ति जापान का नाम टॉप 10 से बाहर होता दिखाई देगा। वहीं यूरोप का बस एक ही देश जर्मनी टॉप 10 की लिस्ट में दिखाई देगा।

**50 साल के बाद होगा कुछ ऐसा सीन**

गोल्डमैन सॉक्स ने जो अनुमान लगाया है, वह अगले 50 साल बाद यानी साल 2075 का लगाया है। उस समय दुनिया की इकोनॉमी का सीन पूरी तरह से बदला हुआ दिखाई देगा। अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमिक ताकत नहीं रहेगा। दूसरी




ओर यूरोप का दबदबा दुनिया की इकोनॉमिक कंडीशन से पूरी तरह से खत्म हो चुका होगा।

यू.के. और जापान जैसे देश टॉप 10 इकोनॉमी लिस्ट से बाहर हो चुके होंगे। सबसे खास बात तो यह है कि टॉप की 10 लिस्ट में एशिया का दबदबा होगा, जिसमें चीन के साथ भारत, पाकिस्तान और इंडोनेशिया होगा। मौजूदा दौर में यू.के., फ्रांस, जर्मनी और रूस जैसे देश दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हैं लेकिन ये तमाम देश जिस मंदी के संकट से गुजर रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है। जर्मनी में तो घोषित मंदी का ऐलान हुआ है।

दूसरी ओर जापान ने सालों के बाद देश की इकोनॉमी को उठाने के लिए पॉलिसी रेट में इजाफा किया है। ऐसे अगले 25 और 50 सालों में इन देशों की इकोनॉमी में इजाफा तो होगा लेकिन ग्रोथ इतनी ज्यादा नहीं होगी, जो अपनी मौजूदा पॉजिशन को होल्ड करके रख सके।

### चीन और भारत का होगा दबदबा

गोल्डमैन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की इकोनॉमी अगले साल में काफी तेजी से बढ़ने वाली है। उसकी पोजिशन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इसका मतलब यह नहीं है कि वह चीन को पछाड़ने वाला है। भारत साल 2075 में अमरीका को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। साल 2050 तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। भले ही मौजूदा दौर में उसकी ग्रोथ भले ही 5 फीसदी से नीचे ही क्यों न हो। उसके अगले 25 साल तक भारत और चीन दोनों ही ग्रोथ और जी.डी.पी. के मामले में दुनिया के तमाम देशों को पीछे छोड़ते हुए दिखाई देंगे। जानकारों का मानना है कि ये पूरी शताब्दी एशिया के नाम रहने वाली है। आने वाले 50 साल भारत के नाम रहने वाले हैं, क्योंकि तब तक देश की जी.डी.पी. 52.5 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जोकि अमरीका की जी.डी.पी. 51.5 ट्रिनियन डॉलर से ज्यादा होगी और चीन की जी.डी.पी. 57 ट्रिलियन डॉलर से कम का अनुमान है।

### पाकिस्तान का चौंकाने वाला नाम

गोल्डमैन की रिपोर्ट के अनुसार इस लिस्ट में पाकिस्तान का भी नाम है। साल 2075 तक पाकिस्तान दुनिया की 6वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी होने जा रहा है, जबकि एक दिन पहले एशियन डिवैलपमैंट बैंक ने पाकिस्तान की ग्रोथ रेट वित्त वर्ष 2023-24 (30 जून 2024 को समाप्त) को 1.9 फीसदी का अनुमान लगाया है। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 पाकिस्तान की ग्रोथ 2.9 फीसदी रह सकती है। मौजूदा दौर में पाकिस्तान की इकोनॉमी काफी खराब स्थिति में है। देश कर्ज में है और महंगाई 25 फीसदी है। पाकिस्तान लगातार चीन, मिडिल ईस्ट और अमरीका के साथ हाथ फैलाए दिखाई देता है। आई.एम.एफ. से लगातार स्पैशल पैकेज की डिमांड लगातार कर रहा है। फॉरैक्स रिजर्व न के बराबर है और बिजली तथा फ्यूल संकट काफी बढ़ चुका है। उसके बाद भी साल 2075 तक देश की जी.डी.पी. 12.3 ट्रिलियन डॉलर का अनुमान लगाया गया है।

## किशोर बियानी की आर्थिक हालत खराब, मॉल बेचने की आई नौबत, 476 करोड़ का किया सेटलमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी कर्ज में डूबे फ्यूचर ग्रुप के चेयरमैन किशोर बियानी की आर्थिक हालत खराब है। कभी करोड़ों के मालिक किशोर बियानी को अब अपना मुंबई का सबसे पुराना मॉल भी बेचना पड़ गया है। किशोर बियानी कोरोना महामारी के समय से ही भारी संकट में फंस चुके हैं। कर्ज संकट से जूझ रहे फ्यूचर ग्रुप के मालिक किशोर बियानी को अपना मॉल बेचकर बकाए का भुगतान करना पड़ा है। फ्यूचर ग्रुप ने 476 करोड़ रुपए का वन टाइम सेटलमेंट किया है। कंपनी ने बंसी मॉल मैनेजमेंट कंपनी के लेंडर्स को 571 करोड़ रुपए का बकाया दिया है। यह रकम लेंडर्स के लिए 83 फीसदी की बकाया वसूली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह डील के रहेजा कॉर्प की ओर से बीते सोमवार को हुई है। इसमें स्टांप ड्यूटी का भुगतान 28.56 करोड़ रुपए रहा।



के रहेजा कॉर्प ने बैंकों को सीधे पेमेंट किया और इसके बदले में मॉल कंपनी को ट्रांसफर किया गया। किशोर बियानी ने कर्जदाताओं का भुगतान करने के लिए सोबो मॉल को के. रहेजा कॉर्प को बेच दिया है। फ्यूचर ग्रुप के प्रमोटर बियानी ने 571 करोड़ रुपए के बकाए का एकमुश्त निपटारा कर 476 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। लेनदारों को उनकी कुल राशि का 83 प्रतिशत वापस मिल गया है।

### सबसे पुराना मॉल हाथ से निकला

रिपोर्ट के मुताबिक, यह मॉल मुंबई का सबसे पुराना मॉल है। इसका मालिकाना हक बियानी परिवार के पास था लेकिन अब इसे के रहेजा कॉर्प ने खरीद लिया है। इसका नाम एसओबीओ सेंट्रल मॉल है। पहले क्रॉसरोड्स के नाम से जाना जाने वाला, सोबो सेंट्रल देश का पहला मॉल है, जो 1990 के दशक के अंत में दक्षिण मुंबई के हाजी अली इलाके में खुला था। यह मॉल कोरोना के दौरान पूरी तरह से बंद हो चुका था। कोविड के बाद से ज्यादातर दुकानें बंद होने से इसे किराये पर देने के लिए कोई खरीदार नहीं मिल रहे हैं। इसकी वजह से मॉल को चलाने वाली कंपनी बंसी मॉल मैनेजमेंट पर 571 करोड़ रुपए का कर्जा हो गया, जिसके चलते मॉल को बेचना पड़ा है। इस मॉल में अभी भी 1.5 लाख वर्ग फुट एरिया लीज पर देने के लिए खाली है।

### कर्ज में डूबे

मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में नए शॉपिंग मॉल्स के खुलने और कोरोना महामारी के कारण SOBO Central मॉल की हालत खस्ता होती गई। इसका करीब सारा रियल एस्टेट फ्यूचर ग्रुप की कंपनियों को दिया गया था जो मुश्किलों से गुजर रही हैं। कैनरा बैंक का कंपनी पर 131 करोड़ रुपए का बकाया है जबकि पीएनबी पर का बकाया 90 करोड़ रुपए है। पीएनबी और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का फ्यूचर ब्रांड्स पर 350 करोड़ रुपए का बकाया है। बैंकों का फ्यूचर ग्रुप की कंपनियों पर 33,000 करोड़ रुपए का बकाया है।


### ऐसे कंगाल हुए बियानी

किशोर बियानी का जन्म साल 9 अगस्त 1961 में मुंबई के एक कपड़ा व्यापारी के घर हुआ था। अपने फैमिली बिजनेस में उन्होंने काफी रुचि दिखाई। साल 1987 में कपड़े के बिजनेस को किशोर बियानी ने रेडीमेड कपड़ों की ओर मोड़ दिया। फ्यूचर ग्रुप ने बिग बाजार का पहला स्टोर साल 2001 में खोला था। साल 2006 तक ये बढ़कर 56 हुए और 2008 तक 116 हो गए। हालांकि, 2008 की मंदी का कंपनी पर बुरा असर पड़ा लेकिन कंपनी फिर भी आगे बढ़ती ही रही। हर साल नए स्टोर खुलते चले गए और साल 2019 तक कुल 295 स्टोर हो चुके थे। किशोर बियानी ने भारतीय मिडिल क्लास को एक ही छत के नीचे पूरा बाजार दे दिया। बिग बाजार को भारत का वॉलमार्ट भी कहा जाता है।

# भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा! एलन मस्क के मेगाप्लान को खिसियाए चीन की बद्दुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की भारत में इलेक्ट्रिक कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को बिल्कुल पसंद नहीं आई है। इसके शुभारंभ से पहले ही उसने बद्दुआएं देनी शुरू कर दी हैं। टेस्ला का भारत की ओर झुकाव बढ़ने से चीन बुरी तरह खिसिया गया है। उसने कहा है भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा। मस्क इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। उनसे मिलने के बाद टेस्ला अपने कारखाने की योजना के बारे में कोई बड़ा ऐलान कर सकती है।

दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लंबे समय से सरकार से बातचीत कर रहे हैं। वह भारत में कम ड्यूटी पर कारों का आयात करना चाहते थे। इसके उलट



सरकार चाहती थी कि वह स्थानीय स्तर पर कारों की मैन्यूफैक्चरिंग करें। सरकार ने पिछले महीने अपनी नई ईवी पॉलिसी की घोषणा की है। इसके बाद टेस्ला के भारत में एंट्री की बातें चलने लगी हैं। माना जा रहा है मस्क इसके बारे में भारत आने पर घोषणा कर सकते हैं। भारत की नई ईवी पॉलिसी टेस्ला के अनुकूल होने की संभावना है।


### चीन को रास नहीं आ रहा मस्क का प्लान

यह और बात है कि चीन को टेस्ला की भारत में एंट्री की योजना कतई रास नहीं आई है। ग्लोबल टाइम्स को चीनी सरकार का मुखपत्र माना जाता है। उसने टेस्ला को आमंत्रित करने के भारत के महत्वाकांक्षी कदम पर भविष्यवाणी कर दी है। इस चीनी माउथपीस ने कहा है कि टेस्ला का यह प्लान काम नहीं करेगा। कारण है कि भारतीय बाजार परिपक्व नहीं है। वह इसके लिए बेहद कम तैयार है। भारतीय बाजार के लिए यह बहुत जल्दी है।

चीन सरकार के मुखपत्र में कहा गया कि ईवी को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए भारत के सामने एक बड़ी बाधा पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपस्थिति है। भारत के कई क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। इसमें कहा गया है कि भारत में बिजली की कमी हो रही है। अधिक बिजली पैदा करने के लिए कोयला खदानों और बिजली संयंत्रों के विस्तार से जलवायु लक्ष्यों को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा।

चीन के खिसियाकर इस तरह की अपमानजनक बातें बोलने का कारण है। दरअसल, चीन के कई दिग्गज ईवी मैन्यूक्चरर्स ने पहले भारत में ईवी मैन्यूफैक्चरिंग में दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन, भारत सरकार ने उन्हें मंजूरी नहीं दी थी। सीमा विवाद के कारण भारत-चीन के संबंध खराब हैं। दोनों देशों के सैनिकों के बीच सीमा पर कई झड़पें हो चुकी हैं। भारत ने चीनी निवेश को गहरी जांच के दायरे में रखा है।

## रियल एस्टेट में विदेशी निवेश में भारी गिरावट, जनवरी-मार्च में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर आए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा टेलीसर्विसेज विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 79.14 करोड़ डॉलर था। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

## मूल्य वृद्धि ने आभूषणों की मांग कम की है: सेनको गोल्ड

**कोलकाता एजेंसी।** प्रमुख खुदरा आभूषण विक्रेता कंपनी सेनको गोल्ड लि. ने शुक्रवार को कहा कि भू-राजनीतिक कारणों से सोने की कीमतों में हालिया तेज उछाल ने इसकी मांग को कम कर दिया है। वहीं उद्योग का पहली तिमाही का प्रदर्शन, उत्सव और नए साल के मौके पर जारी खरीदारी के रुख पर निर्भर करता है। कोलकाता की कंपनी ने कहा कि उसने हीरे जड़ित सोने के आभूषणों और उपभोक्ता-केंद्रित योजनाओं के जरिये मांग की स्थिति से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं। हालांकि, कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ये उपाए मार्च और अप्रैल में बिक्री की मात्रा के मामले में देखी गई 15-20 प्रतिशत की गिरावट की भरपाई नहीं कर सकते हैं। सेनको गोल्ड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुवेंकर सेन ने कहा, ''पिछले 30 दिनों में, सोने की कीमत लगभग 10 प्रतिशत बढ़ी है ।

## NEWS IN Gallery

### सपा ने 7 प्रत्याशियों का किया ऐलान

लखनऊ : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सपा ने उम्मीदवारों की 7वीं लिस्ट जारी की है। इसमें सात प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के सामने भीष्म शंकर तिवारी को टिकट दिया है, जबकि मछलीशहर से बीपी सरोज के सामने पूर्व सांसद तूफानी सरोज की बेटी प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है।

### बसपा ने पांच लोस क्षेत्रों के प्रत्याशियों का किया ऐलान

चंडीगढ़ : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने हरियाणा में लोकसभा की पांच सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। करनाल, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक व सोनीपत के प्रत्याशी मैदान में उतार दिये हैं। अंबाला, सिरसा, भिवानी-महेंद्रगढ़, कुरुक्षेत्र व गुरुग्राम के प्रत्याशियों की सूची अगले कुछ दिनों में जारी होगी। बसपा ने करनाल में पूर्व सीएम और भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर के मुकाबले सिख कार्ड खेला है। बसपा ने करनाल से सरदार इंद्रजीत सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इसी तरह से फरीदाबाद से ठाकुर किशन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। यहां से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को लगातार तीसरी बार टिकट दिया है।

### मतदान रैली में भाग लेने पर महिला स्कूल शिक्षक निलंबित

भुवनेश्वर : ओडिशा के बौध में एक सरकारी स्कूल की एक महिला शिक्षक को कथित तौर पर एक चुनावी रैली और जुलूस में शामिल होने के लिए जिला चुनाव अधिकारी-सह-जिला कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। बौध जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-जिला कलेक्टर जे सोनल द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उनका निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। एक आधिकारिक अधिसूचना में शनिवार को कहा गया कि दहया में सरकारी नोडल हाई स्कूल की महिला शिक्षक ने दो दिन पहले ईसीआई नियमों का उल्लंघन करते हुए कथित तौर पर कंटामल विधानसभा क्षेत्र में पलासपत से अंबागांव तक एक राजनीतिक रैली में भाग लिया था।

### अभिषेक बनर्जी का दावा हेलीकॉप्टर पर पड़ा छापा

कोलकाता : तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर आयकर विभाग का छापा पड़ा है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बताया कि वह हेलीकॉप्टर से हल्दिया जाने वाले हैं। इससे एक दिन पहले आज आयकर विभाग के अधिकारियों ने बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर पर छापेमारी की थी। उन्होंने लिखा - आज मेरे हेलिकॉप्टर और सुरक्षा कर्मियों की जांच हुई और छापेमारी की गयी लेकिन कुछ भी नहीं मिला। जमींदार अपनी पूरी ताकत लगा सकते हैं, लेकिन बंगाल प्रतिरोध करता रहेगा, डिगेगा नहीं। वहीं, तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अभिषेक बनर्जी के ट्वीट पर लिखा - क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर पर कुछ फल और फिश सैंडविच मिले?

# तीन साल में छत्तीसगढ़ होगा नक्सल मुक्त राज्य : अमित शाह

## छत्तीसगढ़ में जनसभा को शाह ने किया संबोधित, कांग्रेस पर किये कई तीखे प्रहार

एजेंसी

खैरागढ़/रायपुर : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में एक जनसभा में केंद्र सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का बखान किया। वे यहां भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडेय के समर्थन में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कांग्रेस पर कई तीखे प्रहार किये। उन्होंने राज्य की जनता को नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का भरोसा दिया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने सभा में अपना भाषण की शुरुआत मां बम्बलेश्वरी को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि आज आंबेडकर जयंती है, आज संविधान निर्माता को पूरा देश याद कर रहा है। शाह ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया था, ठीक उसी तरह इस चुनाव में भूपेश बघेल को भारी मतों से हराकर घर भेज दीजिये। शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि मोदी संविधान बदल देंगे। इनके चले-चपेटे कहते हैं कि मोदी फिर आये तो आरक्षण खत्म हो जायेगा। मैं बताना चाहूंगा कि यह लोग झूठ का व्यापार करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाये भाजपा ना आरक्षण खत्म करेगी और ना करने देगी। शाह ने कहा कि संतोष पांडेय को दिया वोट सीधे नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेगा। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो तो हम तीन साल में छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का कार्य कर-के दिखायेंगे। नरेंद्र मोदी ने किसान कल्याण के लिए कई सारे कार्य किये हैं।



### किसानों के कल्याण के लिए हमने बढ़ाया बजट : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2013 में किसान कल्याण का बजट सिर्फ 22 हजार करोड़ रुपये था, मोदी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये किया। जिससे हर किसान को 6 हजार रुपये हर साल मिल रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में साय सरकार कर रही हर गारंटी पूरी

गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार चाहे अटल की हो या नरेंद्र मोदी की हमने गरीब और किसानों को हमेशा ऊपर रखा है। भूपेश कक्का से मैं पूछता हूं कि आपने छत्तीसगढ़ को क्या दिया है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने 38 लाख घरों में शौचालय बनाये, 12 लाख आवास दिये, 18 लाख आवास बनाने की घोषणा विष्णुदेव सरकार ने भी कर दी है। उन्होंने कहा कि पीएससी घोटाला, गोठान घोटाला, वर्मी कंपोस्ट घोटाला यहां तक की भूपेश बघेल सरकार ने तो महादेव के नाम पर भी स्कैम किया।

पीएम मोदी की जीत को लेकर पूरी दुनिया आश्वस्त

# 2025 के विदेशी कार्यक्रमों के लिए मिल रहे निमंत्रण : राजनाथ

एजेंसी



जमुई : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले साल विदेश में होने वाले कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण मिल रहे हैं, जिससे पता चलता है कि पूरी दुनिया मानती है कि सत्ता में उनकी वापसी अपरिहार्य है। बिहार के जमुई जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा - चुनाव का मौसम हर जगह अस्थिर माना जाता है। लोग इस समय को कुछ हद तक घबराहट के साथ देखते हैं, लेकिन भारत के मामले में ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया मानती है कि पीएम मोदी तीसरी बार अपने कार्यालय वापस आयेंगे। सिंह ने दावा किया कि अगले साल होने वाले समारोहों के लिए उन्हें पहले से ही विदेश में आमंत्रित किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मोदी के नेतृत्व में, भारत सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने में सक्षम शक्ति में तब्दील हो गया है, जैसा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान देखा गया था।

सिंह ने कहा - भारत के वैश्विक कद में वृद्धि का एक और उदाहरण सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों की रिहाई है, जिन्हें मोदी द्वारा पश्चिम एशियाई राज्य के प्रमुख को एक टेलीफोन कॉल के बाद कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनायी थी। दिल्ली में पीएम की उपस्थिति में भाजपा के 'संकल्प पत्र' को जारी करने के कुछ घंटों बाद बोलते हुए घोषणापत्र समिति के प्रमुख सिंह ने कहा - अन्य पार्टियों के विपरीत हम जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं, चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर हो या अनुच्छेद-370 का रद्दीकरण हो। तीन तलाक के खिलाफ कानून का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा - हमने कांग्रेस और राजद की आलोचनाओं की चिंता किये बिना, जो अपने वोट बैंक के बारे में चिंतित थे, उस अमानवीय प्रथा पर नकेल कसी, जिससे हमारी मुस्लिम माताओं और बहनों को अनकहा दुख झेलना पड़ा।

# बहकी-बहकी बातें करते हैं पीएम : प्रियंका

- राजस्थान में प्रियंका गांधी बोलीं - मोदीजी ने लॉटरी बेचने वालों और वैक्सीन बनाने वालों तक से पैसे लिये

एजेंसी



जयपुर : राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सियासी हमला किया। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। वे असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं। अब साफ-साफ दिख रहा है कि मोदीजी गरीब के संघर्ष को पहचानने का तैयार नहीं हैं। भ्रष्टाचार के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। सभी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं फिर उनकी पार्टी में जाते ही वो लोग साफ हो जाते हैं। आज देश में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने चंदे की सूची मांग तो सच्चाई सामने आयी है। मोदी जी ने भ्रष्ट लोगों से तो चंदा ही लिया, गुजरात में जो पुल गिरा था उस कंपनी से, वैक्सीन बनाने वालों से, लॉटरी वालों तक से चंदा लिया। इससे बड़ी भ्रष्टाचार और क्या होगा। प्रियंका ने कहा कि पेपरलीक पूरे देश में हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए हम एक कानून लायेंगे। इसमें एक जॉब कैलेंडर होगा। परिवार की सबसे बड़ी महिला को हमारी सरकार बनने के बाद सालाना एक लाख रुपये मिलेंगे। जिससे कि आप सशक्त बनें। देशभर में 50 प्रतिशत सरकारी नौकरी महिलाओं को देंगे। श्रमिकों के लिए कानूनी गारंटी बनायी जायेगी। कम से कम 400 रुपये मजदूरी मिनिमम मिलेगी। शहरी क्षेत्रों के लिए इस मनरेगा जैसी योजना लायी जायेगी। अग्निवीर योजना तुरंद रद्द की जायेगी। ताकि आप मान-सम्मान के साथ नौकरी कर सके।

## खड़गे से मिले आप नेता संजय सिंह

# आईएनडीआईए गठबंधन के लिए आम घोषणा पत्र पर चर्चा

एजेंसी



नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ 20 मिनट से अधिक बैठक की। चर्चा मुख्य रूप से 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने पर केंद्रित थी, जिसे सत्ता में आने पर दोनों पार्टियां लागू करने पर सहमत हैं। दिल्ली में खड़गे के आवास पर बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने बताया - हमने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि कैसे 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर सभी दल एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त हमने विपक्ष के खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में चिंताओं को संबोधित किया और संविधान की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। बैठक में एक साझा घोषणा पत्र के विकास पर भी चर्चा हुई, जिसमें सिंह ने जल्द ही निर्णय लेने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा - हम अपने साझा दृष्टिकोण के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर नेताओं का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

सिंह को दो अप्रैल को तिहाड़ जेल से रिहा किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह देखने के बाद कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सिंह को जमानत पर रिहा किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है, कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि उन्हें ट्रायल कोर्ट द्वारा तय किये गये नियमों और शर्तों पर रिहा किया जायेगा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक नेता लंबित मामले में अपनी भूमिका के संबंध में कोई सार्वजनिक टिप्पणी या भाषण नहीं देंगे।

# बाबा साहब के सपनों को साकार करने वाली सरकार चुनें : मायावती

एजेंसी



लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में ऐसी सरकार चुननी है जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों को साकार करने वाली हो। मायावती ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जारी बयान में मायावती ने देश और खासकर उत्तर प्रदेश में रहनेवाले बहुजन समाज के लोगों को बाबा साहब का वह मिशनरी वाक्य याद दिलाया कि अपनी एकजुटता व राजनीतिक शक्ति के बल पर सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करो जिससे तरक्की के तमाम बंद दरवाजे खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के इस महान उद्देश्य के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष व उनके इस मिशनरी संदेश का वर्तमान लोकसभा चुनाव के समय बहुत महत्व है।

क्योंकि जातिवादी पार्टियों की यहां अब तक रही सरकारों में न केवल उनके कल्याणकारी संविधान को उसकी मंशा के हिसाब से सही से लागू न करके उसकी उपेक्षा करके गरीब, बहुजन विरोधी काम लगातार किया है। जबकि यूपी में रही बसपा सरकारों में समान्य वर्ग की सरकारी नौकरी पर लगी पाबंदी को हटाकर सर्वसमाज को रोजगार के अवसर दिए। मायावती ने कहा कि कांग्रेस का 'गरीबी हटाओं' का नारा सही नीयत व नीति के अभाव में केवल चुनावी स्लोगन बनकर पूरी तरह से विफल रहा। अब बहुजन का यही हाल वर्तमान की भाजपा सरकार में भी हो रहा है। देश में आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी एवं पिछड़ापन का अभिशाप लोगों के जीवन को बद से बदतर बना रहा है जबकि सरकार की गलत नीति व कार्यक्रमों के कारण कुछ मुट्ठीभर अमीरों की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है।

# लोकसभा चुनाव 2024 : कोटा में सियासत का सस्पेंस थ्रिलर

INSIDE STORY

- रोचक रहेगा इस बार का मुकाबला
- राजस्थान की सबसे हॉट सीट है कोटा

एजेंसी

कोटा : राजस्थान में 25 सीटों पर लड़ाई में से कोटा- बूंदी भी हॉट सीट में से एक है। कोटा लोकसभा सीट पर बेहद रोचक मुकाबला देखने को मिलने वाला है। ओम बिरला के सामने मैदान में कभी उनके धुर विरोधी रहे प्रहलाद गुंजल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। यह सिर्फ बिरला और गुंजल के बीच चुनाव नहीं है बल्कि हाड़ौती की सियासत में इसके पीछे भी कई बड़े चेहरे इसमें शामिल हैं। जहां भाजपा से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को एक बार फिर जिम्मेदारी दी है तो वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार प्रहलाद गुंजल जो कि हाल ही में भाजपा से बागी होकर कांग्रेस पार्टी से टिकट लेकर चुनाव लड़ रहें हैं। बता दें कि इस लोकसभा सीट पर कुल 23,37,460 वोटर्स हैं।

### कोटा सीट का जातीय समीकरण

जातीय समीकरण की बात करें तो मुस्लिम, मीणा, गुर्जर, ब्राह्मण, और माली अधिक संख्या में हैं। सीट के विश्लेषण की बात की जाये तो कोटा विधानसभा क्षेत्र के पीपल्दा, सांगोद,कोटा दक्षिण, कोटा उत्तर, लाडपुरा, रामगंज मंडी और बूंदी विधानसभा से हिंडोली, केशोरायपाटन और बूंदी है। जिसमें बूंदी की सारी सीटों पर कांग्रेस विधानसभा चुनाव में जीती थी। वहीं, कोटा में चार सीट भाजपा के कब्जे में हैं।



### कोटा से ओम बिरला और शांती धारीवाल की जोड़ी रही है प्रसिद्ध

पैर्टन के हिसाब से देखा जाये तो इस सीट पर लगातार 2009 तक एक बर कांग्रेस तो एक बार बीजेपी क्रम चलता आया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस से कैबिनेट मंत्री रहे शांती धारीवाल को प्रहलाद गुंजल का कांग्रेस में आना और टिकट देना कुछ खास रास नहीं आ रहा। विधानसभा चुनाव में प्रहलाद गुंजल और शांती धारीवाल आमने-सामने थे जिस कारण दोनों एक-दूसरे से खार खाये बैठै हैं। हाल ही में पार्टी के एक कार्यक्रम में दोनों के बीच तीखी बहस हुई जिसे आस-पास बैठे कुछ मंत्रियों ने जैसे-तैसे शांत करवाया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को उठाकर जमकर हंगामा किया। दूसरी ओर ओम बिरला और शांती धारीवाल की जोड़ी क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध रही है। चाहे दोनों अलग पार्टी से हों, लेकिन क्षेत्र में विकास की बात आये तो दोनों लीडर एकजुट नजर आते हैं।

## लोकसभा चुनाव | उत्तराखंड के श्रीनगर में कांग्रेस पर जमकर बरसे योगी आदित्यनाथ, बोले -

# कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं, 10 वर्षों में बदला भारत

एजेंसी




देहरादून : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओर से जारी भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला, आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने वाला, युवा, महिला, किसान और गरीब का आधार बताया। 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत और ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हो, ऐसे भारत के निर्माण के लिए भाजपा ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है। पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में श्रीनगर स्थित एनआईटी के मैदान रविवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प पत्र को पढ़े और जन-जन के बीच रखें। भाजपा ने मोदी की गारंटी को आधार बनाया है। मोदी ने 2014 में आने के साथ ही कहा था कि हमारी योजनाएं किसी व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के लिए नहीं होगा। योजनाओं का आधार होगा। सबका साथ सबका विकास होगा। आज का संकल्प पत्र भी नेशन फर्स्ट बनाम फैमिली फर्स्ट के बीच में है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे 1998 से गोरखपुर से पांच बार सांसद रहने का अवसर प्राप्त हुआ। कांग्रेस के उस काल को भी मैंने देखा था। कोई नेशनल एजेंडा नहीं था, न युवा था, न महिलाएं थीं, न गरीब था, न किसान था। उनका एजेंडा स्वार्थ पर आधारित था। देश को फिर से विघटन की ओर ले जाने वाला था, लेकिन पिछले 10 वर्षों के हमने अंदर बदलते भारत को देखा है। वैश्विक मंच पर सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उत्तराखंड ने तो पहला और द्वितीय सीडीएस भी देश को दिया है। गढ़वाल सीडीएस जनरल स्व. विपिन रावत की जन्मभूमि है। कांग्रेस शासनकाल में देश के अंदर आंतरिक सुरक्षा की स्थिति क्या थी? लगभग 150 जनपद देश के ऐसे थे, जो भीषण नक्सलवाद की चपेट में थे। आज बमुश्किल तीन-चार जनपदों में है। आप मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिये फिर देखिये नक्सलवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जायेगा। कश्मीर में आतंकवाद की समस्या का समाधान हो गया है। अनुच्छेद-370 समाप्त हो गया है। लोग लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़कर मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के अंदर ये परिवर्तन है। जनसभा में योगी ने लोगों से कहा कि अब केवल चार दिन बचे हैं। इन चार दिनों में आप मोदी का प्रतिनिधि अनिल बलूनी स्वयं बनकर घर-घर जाकर बोलिये कि चुनाव कमल के निशान पर जाना है। चाहे जैसे भी मौसम रहे, उसकी परवाह किये बगैर मतदान करने जाना ही जाना है।